दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 229 | जयपुर | सोमवार, 23 जून, 2025 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## इसरायल ईरान वार में अमेरिका की एंट्री

### ईरान पर हमले के लिए B-2 बॉम्बर 37 घंटे उड़ा : हवा में कई बार फ्यूल भरा, जमीन से 295 फीट नीचे बने परमाणु ठिकाने पर बमबारी की

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन / तेहरान / तेल अवीव (एजेंसी)।** न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ईरान के ये परमाणु ठिकाने पहाड़ों के 295 फीट नीचे बनाए गए हैं। ऐसे में इन्हें तबाह करने के लिए बी-2 बॉम्बर विमान की जरूरत थी।रिपोर्ट के मुताबिक हमला करने से पहले बी-2 बॉम्बर विमान ने अमेरिका के मिसौरी एयरबेस से भारतीय समयानुसार 20 जून को दोपहर करीब 3 बजकर 30 मिनट पर टेकऑफ किया था। इस विमान ने लगभग 37 घंटे तक बिना रुके उड़ान भरी और बीच हवा में कई बार फ्यूल भरा था। B-2 बॉम्बर ने फोर्डो साइट पर 30 हजार पाउंड वजन के 6 GBU-57 बम (बंकर बस्टर) गिराए। साथ ही नतांज पर दो बम गिराए। वहीं, इस्फहान और नतांज पर 30 टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें दागी हैं। इन्हें 400 मील दूर अमेरिकी पनडुब्बियों से लॉन्च किया गया था।यह पहला मौका है जब अमेरिका ने GBU-57 जैसे बंकर बस्टर बम का किसी युद्ध में इस्तेमाल किया है।

#### ईरान बोला- अमेरिका के हमले से रेडिएशन लीक नहीं हुआ

इजराइल लगातार ईरान के न्यूक्लियर साइट पर हवाई हमले कर रहा है, जिस पर इजराइल का कहना है कि वे ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकना चाहते हैं। हालांकि ईरान ने परमाणु बम बनाने से इनकार किया है।अभी ये स्पष्ट नहीं हो पाया कि इन हमलों से ईरान को कितना नुकसान हुआ है। वहीं, ईरान की परमाणु ऊर्जा संस्था (AEOI) ने कहा है कि अमेरिका के मिसाइल हमलों के बाद भी फोर्डो, नतांज और इस्फहान में कोई रेडिएशन लीक नहीं हुआ है।यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान के परमाणु ठिकानों को तबाह करने के दावों के बाद आया है।

#### ईरान में अब तक 657, इजराइल में 24 की मौत


इजराइल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज 10वां दिन है। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं।हालांकि, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 430 नागरिक के मारे जाने और 3,500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, इजराइल में 21 जून तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं।




### हर अमेरिकी नागरिक अब निशाने पर, ईरान की अमेरिका को सीधी धमकी

**तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिका के हमलों के बाद, ईरानी सरकारी टीवी प्रस्तोताओं ने गंभीर परिणामों की चेतावनी दी है। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, एक अन्य ईरानी प्रस्तोता ने सरकारी टीवी पर कहा, युद्ध अभी शुरू हुआ है, मिस्टर ट्रम्प! अब आप शांति की बात करते हैं? हम आपके साथ इस तरह से पेश आएंगे कि आप लापरवाही के परिणामों को समझ सकें।अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर हमला कर मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष को और भड़का दिया है। अमेरिकी हमलों में ये तीनों केंद्र पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। इस बीच, ईरान के सरकारी टीवी ने दावा किया है कि हमले से कुछ समय पहले ही इन परमाणु स्थलों को खाली करा लिया गया था। साथ ही, टीवी प्रस्तोताओं ने हर अमेरिकी नागरिक के %निशाने% पर होने की धमकी दी है।

ईरानी अधिकारियों ने सरकारी टीवी पर इस्फहान, नतांज और फ़ोर्डो परमाणु केंद्रों पर हुए हमलों की पुष्टि की है। सरकारी एजेंसी IRNA ने इस्फ़हान के गवर्नर के सहयोगी अकबर सालेही के हवाले से इन हमलों की पुष्टि की। सालेही ने बताया कि कई निवासियों ने इस्फ़हान और नतांज के परमाणु केंद्रों के पास हमले देखे, और इन क्षेत्रों में कई विस्फोट सुने गए। ईरान के सरकारी टीवी ने आगे दावा किया कि इस्लामिक रिपब्लिक ने कुछ समय पहले ही तीनों परमाणु स्थलों को खाली करा लिया था।



सरकारी टीवी के अनुसार, ट्रम्प के बयानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। ऐसे में नुकसान की सीमा का आकलन करना आवश्यक है। इस्लामिक रिपब्लिक के परमाणु उद्योग को बमबारी से पूरी तरह नष्ट नहीं किया जा सकता। अमेरिकी हमले के बाद, ईरानी सरकारी टीवी प्रस्तुतकर्ताओं ने भी संभावित परिणामों की चेतावनी दी।

अमेरिकी हमलों के बाद ईरान का आक्रमक रुख अमेरिका के हमलों के बाद, ईरानी सरकारी टीवी प्रस्तोताओं ने गंभीर परिणामों की चेतावनी दी है। IRNA ने एक प्रस्तोता के हवाले से बताया कि क्षेत्र में मौजूद हर अमेरिकी नागरिक और सैन्यकर्मी अब वैध लक्ष्य बन गया है।

### मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति को फोन किया, अमेरिकी हमले और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव पर जताई चिंता



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने कॉल के बाद एक्स पर लिखा, हमने मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की। हाल ही में हुई वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की। आगे बढ़ने के तरीके के रूप में तत्काल कमी लाने, बातचीत और कूटनीति के लिए हमारे आह्वान को दोहराया और क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए कहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बात की। इस दौरान, पीएम मोदी ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बारे में चर्चा की। उन्होंने मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए शत्रुता में तत्काल कमी लाने का आह्वान किया। गौरतलब है कि अमेरिका ने हाल ही में ईरान के इन तीन परमाणु केंद्रों पर हमला कर उन्हें पूरी तरह से नष्ट कर दिया है, जिससे क्षेत्र में चल रहे संघर्ष में और इजाफा हुआ है।पीएम मोदी ने कॉल के बाद एक्स पर लिखा, %हमने मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की। हाल ही में हुई वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की। आगे बढ़ने के तरीके के रूप में तत्काल कमी लाने, बातचीत और कूटनीति के लिए हमारे आह्वान को दोहराया और क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए कहा।%प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका द्वारा ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों - फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर बमबारी करने के कुछ ही घंटों बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन को फोन किया।इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में इन हमलों को शानदार सैन्य सफलता बताया। उन्होंने ईरान को चेतावनी भी दी कि यदि उसने जवाबी कार्रवाई की तो और भी हमले किए जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि इस मिशन का प्राथमिक लक्ष्य ईरान की परमाणु संवर्धन क्षमताओं को नष्ट करना था और यह हासिल कर लिया गया है। अमेरिकी हमलों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए, ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने इन कार्रवाइयों को अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का गंभीर उल्लंघन करार दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी है तो मुमकिन है, अमेरिका की ट्रैवल एडवाइजरी पर मोदी सरकार घिरी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने अमेरिका की ट्रैवल एडवाइजरी पर मोदी सरकार को घेरा। कांग्रेस ने खबर शेयर करते हुए लिखा, मोदी है तो मुमकिन है। इसके अलावा कर्नाटक कांग्रेस ने इस एडवाइजरी को सरकार के लिए झटका और शर्मिंदगी बताया।अमेरिका ने भारत में बलात्कार, हिंसा और आतंकवाद की बढ़ती घटनाओं का हवाला देते हुए अपने नागरिकों, खासकर महिलाओं को पर्यटन स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर अधिक सावधानी% बरतने की सलाह दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने इसके लिए लेवल 2 ट्रैवल एडवाइजरी भी जारी की है। अमेरिका के इस कदम के बाद, मोदी सरकार विपक्ष के निशाने पर आ गई है। कांग्रेस ने तंज कसते हुए कहा, मोदी है तो मुमकिन है, जिससे सरकार पर दबाव बढ़ गया है। कांग्रेस ने अमेरिका की ट्रैवल एडवाइजरी पर मोदी सरकार को घेरा। कांग्रेस ने खबर शेयर करते हुए लिखा, %मोदी है तो मुमकिन है। इसके अलावा कर्नाटक कांग्रेस ने इस एडवाइजरी को सरकार के लिए झटका और शर्मिंदगी बताया।कर्नाटक कांग्रेस ने एक्स पर लिखा, %अमेरिकी यात्रा सलाह ने भारत को झकझोर दिया! जून 2025 के अपडेट में महिलाओं को भारत में अकेले यात्रा न करने की चेतावनी दी गई है, क्योंकि यहां बलात्कार, हिंसा और आतंकवाद का खतरा बढ़ रहा है। क्या यह प्रधानमंत्री के सुरक्षित भारत के नारे का पतन है?

### DGCA की एअर इंडिया को चेतावनी- लाइसेंस कैंसिल कर देंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने एअर इंडिया को गंभीर चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर फ्लाइट ऑपरेशन में गड़बड़ियां जारी रहीं, तो एयरलाइन का लाइसेंस सस्पेंड किया जा सकता है या वापस भी लिया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कदम पायलट ड्यूटी शेड्यूलिंग और निगरानी में लगातार



और गंभीर उल्लंघनों के कारण उठाया गया है। इससे पहले शनिवार को DGCA के आदेश पर एअर इंडिया को 3 अफसरों को हटाया था। इनमें डिविजनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लानिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं।

तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। DGCA ने एअर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया। उधर एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच, एअर इंडिया की फ्लाइट्स ईरान, इराक और इजराइल के हवाई क्षेत्रों से होकर नहीं जाएगी। ऐसे में यूएई, कतर, ओमान और कुवैत जाने वाली फ्लाइट्स में ज्यादा समय लग सकता है। इसके अलावा यूरोप और उत्तरी अमेरिका के लिए जाने वाले विमान भी वैकल्पिक रास्ते से जाएंगे।

### पहलगाम आतंकी हमला- NIA के हाथ लगी बड़ी सफलता, आतंकियों को पनाह देने के मामले में दो लोग गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एनआईए के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्तियों ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है, और यह भी पुष्टि की है कि वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे। पहलगाम आतंकी हमले के मामले में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दक्षिण कश्मीर के एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए भीषण हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस हमले



में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे और 16 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आरोपियों की पहचान पहलगाम के बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क निवासी बशीर अहमद जोथर के रूप में हुई है। एनआईए के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्तियों ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है, और यह भी पुष्टि की है कि वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे। एनआईए की जांच के अनुसार, परवेज और बशीर ने जानबूझकर हमले से पहले हिल पार्क में एक मौसमी ढोक (झोपड़ी) में तीन सशस्त्र आतंकवादियों को शरण दी थी। दोनों लोगों ने आतंकवादियों को भोजन, आश्रय और रसद सहायता प्रदान की थी, जिन्होंने उस दुर्भाग्यपूर्ण दोपहर को, धार्मिक पहचान के आधार पर पर्यटकों को चुन-चुन कर मार डाला, जिससे यह अब तक का सबसे भीषण आतंकवादी हमला बन गया।




### जयपुर के थाने में सुसाइड, 6 पुलिसकर्मी को हटाया गया : धरने पर बैठा परिवार, पत्नी को संविदा पर नौकरी दी जाएगी; कांग्रेस नेता भी मिलने पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में एक युवक के थाने में सुसाइड करने के मामले में पुलिस कमिश्नर ने सीआई सहित 6 पुलिसकर्मियों को लाइन भेज दिया है। वहीं, दूसरी तरफ मृतक का परिवार एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्चूरी के बाहर धरने पर बैठ गया। इस दौरान कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास भी मौके पर पहुंचे। परिवार से बात की। परिवार ने



जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसके बाद परिवार और सरकार के बीच सहमति बन गई है।परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी ने बताया- सरकार ने मांगें मानी हैं। सामाजिक संगठन परिवार को 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद करना रहे हैं। सरकार से भी आर्थिक मदद का आश्वासन मिल गया है। जिम्मेदार अधिकारी को सस्पेंड कर दिया गया है। मनीष पांडे की पत्नी को संविदा पर नौकरी दी जाएगी। इन बातों पर सहमति हुई है।दरअसल, जयपुर के सदर थाने में शनिवार शाम को मनीष पांडे ने आत्महत्या कर ली थी। एसीपी (सदर) धर्मवीर सिंह ने बताया था - उत्तर प्रदेश के रहने वाले मनीष (28) ने सुसाइड किया था। वह मानसरोवर के मांग्यावास में किराए से रहता था। शराब के नशे का आदी होने के चलते मनीष वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। शनिवार दोपहर बाइक चोरी करते सदर इलाके में लोगों ने उसे पकड लिया था।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बूंदी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि॰बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# ..टोंक-निवाई में बढ़ता नकली खाद-बीज का कारोबार, किसानों की मेहनत पर संकट

## बरसाती सीजन में किसानो की भीड़, खाद बीज के बढ़ाये दाम.. बिजाई शुरू

## नकली खाद-बीज का मकड़जालः किसानों की कमर तोड़ता भ्रष्टाचार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( कमल मीणा )।** मानसून 2025 ने राजस्थान के टोंक और निवाई जिलों में दस्तक दे दी है, और इसके साथ ही किसानों के चेहरे पर रबी की बुवाई की उम्मीदें भी लौट आई हैं। मूंगफली, बाजरा, ग्वार, तिल, मूंग और मोठ जैसी खरीफ फसलों की बुवाई के लिए किसान खेतों में उतर चुके हैं. पुराने दौर में बैलों से होती खेती अब ट्रैक्टरों पर निर्भर है, लेकिन इस आधुनिकता के साथ एक कड़वी सच्चाई भी सामने आई है - नकली खाद-बीज का बढ़ता कारोबार, जो किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहा है।




### बाजार में मनमानी, बिलों से किनारा

इन दिनों टोंक और निवाई के कृषि बाजारों में भारी भीड़ है। किसान अपनी ज़रूरतों के हिसाब से खाद और बीज खरीदने पहुंच रहे हैं, लेकिन इसी भीड़ का फायदा उठाकर कुछ बेईमान व्यापारी खुलेआम किसानों को ठग रहे हैं। गुजराती, हिंदी और अंग्रेजी में आकर्षक ढंग से छपे कट्टों और पैकेटों में स्थानीय और घटिया गुणवत्ता वाले खाद-बीज भरकर, उन्हें असली के नाम पर मनमाने दामों में बेचा जा रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि ये व्यापारी किसानों को पक्के बिल भी नहीं दे रहे। बिल न मिलने से किसान न तो अपनी शिकायत कहीं दर्ज करा पाते हैं और न ही किसी कानूनी कार्रवाई की उम्मीद कर सकते हैं। यह एक संगठित धोखाधड़ी है जो सीधे तौर पर किसानों की मेहनत और उनकी गाढ़ी कमाई को लूट रही है।

### अफसरों की मिलीभगत से हो रहा शोषण

किसानों का दर्द साफ झलकता है जब वे बताते हैं कि इस पूरे गोरखधंधे में स्थानीय प्रशासन और अधिकारियों की भी मिलीभगत है। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं होती, और उल्टा उन्हें ही टाल दिया जाता है। यह भ्रष्टाचार गरीब और मजबूर किसानों का सीधा शोषण है। उन्हें न चाहते हुए भी महंगे और नकली उत्पाद खरीदने पड़ रहे हैं, जिसका सीधा असर उनकी फसलों की पैदावार और उनकी आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। इस साल भी अगर यही हाल रहा तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है, जिससे उनकी आजीविका खतरे में पड़ जाएगी।

### सरकार से गुहार कब मिलेगी राहत?

टोंक-निवाई सहित पूरे ज़िले के किसानों की मांग है कि सरकार और संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान दें। उन्हें उम्मीद है कि नकली खाद-बीज बेचने वाले गिरोहों पर नकेल कसी जाएगी और किसानों को असली और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उचित दामों पर मिल पाएंगे। इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए और दोषी अधिकारियों व व्यापारियों को दंडित किया जाना चाहिए, ताकि अन्नदाता को इस शोषण से मुक्ति मिल सके।

## जवानपुरा में रक्तदान शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत जवानपुरा में रक्त वीर महाअभियान के तहत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 171 युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए रक्तदान किया। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि रक्तदान बहुत महत्वपूर्ण है और ऐसे आयोजनों में सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने युवा साथियों द्वारा ग्रामीण इलाकों में इस तरीके के कार्यक्रम करने की सराहना की। कार्यक्रम संयोजक पवन शर्मा जवानपुरा एवं आयोजक बिशन सिंह तंवर ने सभी अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। सांसद राव राजेंद्र सिंह सहित अतिथियों ने सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। साथ ही, जनहित में समर्पित मनीष गौतम और रजनीश गौतम द्वारा अपने स्वर्गीय पिता शंभूदयाल गौतम की स्मृति में मुख्य बाजार में शीतल पेयजल हेतु वाटर कूलर का सांसद द्वारा उद्घाटन करवाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता इंजीनियर बाबूलाल जाट, जगदीश यादव, गणपत लाल शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, मुरली मनोहर शर्मा, सरपंच जयराम पलसानिया, जीएसएस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पूर्व सरपंच राम गोपाल पलसानिया, रमेश चन्द पारीक, डाक्टर वैभव शर्मा, करणी प्रताप सिंह, सुशीला चौधरी, डाक्टर प्रतीभा सिंह, रविदत्त शर्मा, एडवोकेट राहुल मोदी, कालूराम कुमावत, साधुराम मीणा, सचिन शर्मा, देवराज सिंह, अंकित शर्मा, भवानी सिंह, शिवम शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## मंडावरा के पास विधुत विभाग की एफआरटी पीकप ने टैपो को मारी टक्कर टक्कर से 55 वर्षीय वृद्ध की मौत

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** मंडावरा के पास टैपो से गावं जाते समय रात्री साढे 8 बजे के करीब सामने से आयी विधुत विभाग की एफआरपी पीकप मे भिडंत होने से 55बर्षीय अधेड़ गंभीर रूप से घायल होने पर परिजनो ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ डाक्टरों ने अधेड को मृतक घोषित कर दिया,रविवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराके परिजनों को सुपर्द कर दिया। वंडकापुरा निवासी खुशीराम व खुरसटपुरा निवासी दामाद अजीत जाटव ने बताया कि 55बर्षीय पिता रुपसिंह पुत्र बतूलाल शनिवार रात्री साढे 8बजे के करीब घरेलू सामान लेकर टैपो मे बैठकर गावं जा रहा था,टैपो मे अन्य महिलाएं बैठी थी।मंडावरा के पास विधुत विभाग की एफआरटी पीकप ने टैपो को टक्कर मार दी। टैपो मे सवार वंडकापुरा निवासी 55बर्षीय रुपसिंह जाटव गंभीर रूप से घायल होने परपरिजनों ने राजकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डा।लाखन सिंह ने रैफर कर दिया।अधेड रूपसिंह की जयपुर ले जाते समय मृत्यु हो गयी। शव को वापिस जिला अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया।रविवार को सुबह नई मंडी पुलिस ने अस्पताल के मैडिकल ज्यूरिष्ठ डा।रामनरेश कुम्भकार से पोस्टमार्टम कराके परिजनों को सुपर्द कर दिया। इस मामले मे मृतक के पुत्र ने विधुत निगम के एफआरपी पीकप के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया हैं।



## जल भराव के प्रमुख मार्गों का ईगल फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने ट्रैक्टर से मौका मुआयना किया

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** हिंडौन मे लगातार हो रही भारी बारिश के बाद शहर के बयाना रोड़, स्टेशन रोड़ सहित प्रमुख मार्गों का द ईगल फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के साथ में प्रदेश महासचिव एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका सहित संगठन के पदाधिकारियों ने ट्रैक्टर से मौका मुआयना किया और विभिन्न स्थानों पर जमा हुए पानी भराव की स्थिति को देखा। एक साल बाद भी शहर की हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है और आगे इस तरह लगातार बारिश से स्थिति और भी पहले की तरह बिगड़ सकती है।



## तीन दिवसीय 6 ठीं राज्यस्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता सम्पन्न,128 पॉइन्ट के साथ उदयपुर की टीम रहीं प्रथम ,उदयपुर ने 31 गोल्ड सहित जीते 47 पदक

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** जयपुर के मानसरोवर में चली तीन दिवसीय 6 ठीं राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता आज सम्पन्न हुई। तीसरे व अंतिम दिन उदयपुर के खिलाड़ियों के जोरदार प्रदर्शन के कारण टीम ने 128 पॉइन्ट अर्जित कर प्रतियोगिता में पहले स्थान पर,दूसरे स्थान पर राजसमन्द एवं तृतीय स्थान पर झूंझूनू की टीम रही। उदयपुर की टीम ने 31 गोल्ड,10 सिल्वर व 6 ब्रॉन्ज सहित कुल 47 मेडल जीतें। उदयपुर जिला किक बॉक्सिंग संघ के सचिव पंकज चौधरी ने बताया कि तीसरे व अंतिम दिन दूसरे दिन 7-9 वर्ष आयु वर्ग में जयांश मेनारिया, अक्षय चौधरी,लक्षिता सालवी ने गोल्ड, हेमांग गायरी व कृष्णा असवानी ने सिल्वर,10-12 वर्ष के आयु वर्ग में सक्षम नागदा,रीया पटेल ने गोल्ड,कनिष्का अग्रवाल,विहाना मेनारिया ने 2-2 गोल्ड,पूर्वांशी शर्मा ने सिल्वर,तनिश सुरेचा,मर्यादा पण्ड्या ने ब्रॉन्ज, 13-15 वर्ष आयु वर्ग में दिशान खण्डेवाल व हिमांगी शाह ने 2-2 गोल्ड,रीया असवानी ने गोल्ड व सिल्वर,जानवी मेनारिया व नेत्र श्रीमाली ने गोल्ड,अनन्या मीणा,हर्षिता पटेल,अक्षिता वर्मा ने सिल्वर,16-18 वर्ष आयु वर्ग में मनन खण्डेलवाल,पुनीत मेनारिया ने गोल्ड,भावना कलाल ने सिल्वर, राजवीर सिंह देवड़ा ने गोल्ड,19-40 वर्ष आयु वर्ग में शुभम कुमावत ने गोल्ड व ब्रॉन्ज,करण मेनारिया,,बान्सी पारगी,हिमांशु मेहता ने गोल्ड, दिविज सोलंकी व पूर्वा श्रीमाली ने 2-2 गोल्ड,करणसिंह कीतावत ने सिल्वर,निलाक्ष गायरी ने ब्रान्ज,कुणाल यादव ने सिल्वर,10-12 वर्ष आयु वर्ग में राजवीर मीणा,हरी रावल ने गोल्ड,प्रथम साहू व शुभ शर्मा ने ब्रॉन्ज,17-18 वर्ष आयु वर्ग में भावेश चौधरी व देवांशी जैन ने गोल्ड मेडल अपने नाम कर राज्य में उदयपुर का नाम रोशन किया।



## पावटा में जाम की समस्या बनी विकराल, राहगीरों को रास्ता पार करना मुश्किल

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे में यातायात कर्मियों की अनदेखी के कारण कई मार्गों पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। पावटा बस स्टैंड से लेकर सुभाष चौक एवं होली चौक तक के बाजार में वाहन तो दूर पैदल भी निकलना मुश्किल हो गया है। दुकानदारों ने बताया कि नगरपालिका ने जाम से निजात पाने के लिए दुकानों के आगे एक पीली पट्टी खिंचवाई थी, लेकिन ई-रिक्शा, सब्जी वाली ठेलियां और बाजार में आने वाले ग्राहक अपनी बाइकें बीच रास्ते में लगा कर बाजार में चले जाते हैं। पावटा वाशियो ने कहा कि पावटा में बंद पुलिया की जगह खुली पुलिया का निर्माण होना अति आवश्यक है और जब तक खुली पुलिया या नवोदय कट के सामने अंडर पास न बन जाए, तब तक उपजिला अस्पताल पावटा के सामने राजमार्ग वाले कट को खोले जाने से हद से ज्यादा ट्रैफिक जाम से आमजन को राहत मिल सकती है। सुभाष चौक व्यापार मंडल सदस्यों का कहना है कि जब तक नगरपालिका प्रशासन द्वारा लाखुड़ी में वाहन खड़े करवाने की व्यवस्था नहीं की जाएगी और वाहन चालकों के प्रति नगरपालिका सख्त रूप नहीं अपनाएगी, तब तक जाम की समस्या आम बात है। सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला ने बताया कि मुख्य स्टैंड छोटी पुलिया के पास दिन में एक या दो पुलिस कर्मी नियुक्त करना चाहिए, ताकि वो सड़क के दोनों छोर में इधर-उधर गाड़ी खड़ी करने वालों को पाबंद कर उन्हें निर्धारित स्थान पर खड़े करें। ग्रामीण क्षेत्र से पावटा व्यापार करने पहुंच रहे लोगों का कहना है कि नगरपालिका प्रशासन को पार्किंग व्यवस्था करनी चाहिए और लाखोड़ी वाली जगह खाली पड़ी हुई है, नगरपालिका प्रशासन पालिका कार्मिक नियुक्त कर उक्त जगह में निशुल्क पार्किंग व्यवस्था करे तो जाम से काफी हद तक बचा जा सकता है। लोगों का कहना है कि नगरपालिका प्रशासन को अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा और शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

## आयकर रिटर्न फार्म और जीएसटी में बदलावों पर उदयपुर टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा सेमिनार आयोजित

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। उदयपुर टैक्स बार एसोसिएशन के प्लेटिनम जुबली वर्ष के उपलक्ष्य में आज द ललित मल्हार इन होटल में इस वर्ष की तीसरी एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें आयकर रिटर्न फॉर्म और जीएसटी में हाल ही में हुए संशोधनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 135 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, टैक्स कंसल्टेंट्स और अन्य वित्तीय विशेषज्ञों ने भाग लिया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए गौतम सुखलेचा ने बताया कि इस सम्मेलन में अजमेर से आये वक्ता सीए अंकित सोमानी ने आयकर रिटर्न के नवीनतम बदलावों पर गहन जानकारी दी। उन्होंने इस वर्ष के आईटीआर फॉर्म में संशोधन, अनुमानित कराधान की जटिलताएं और नए प्रावधानों की व्याख्या की, जिससे उपस्थित सदस्यों को कर-अभ्यास में नई दिशा मिली।

एसोसिएशन के सचिव सीए अंकुश जैन ने बताया कि दूसरे सत्र में सीए सोमानी ने जीएसटी में हाल ही में किए गए संशोधनों और प्रैक्टिकल अनुप्रयोगों पर विस्तार से चर्चा की। इस सत्र ने टैक्स प्रोफेशनल्स को अद्यतन जानकारी और स्पष्टता प्रदान की।

जयपुर से आये शेरखान फाइनेंशियल के वरिष्ठ सलाहकार भंवर सिंह राठौड़ ने तीसरे सत्र में निवेश रणनीति, म्यूचुअल फंड, इक्विटी पोर्टफोलियो और स्मार्ट इनवेस्टमेंट आइडियाज पर विशेष व्याख्यान दिया। यह सत्र विशेष रूप से आर्थिक सशक्तिकरण और दीर्घकालिक वित्तीय योजना के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ।

## योग एवं फिटनेस के साथ जुंबा व सत्संग कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** जेएसजी (जैन सोशल ग्रुप)मेवाड़ रीजन एवं कल्प नेचुरो हेल्थकेयर ने ओरिएंटल पैलेस रिसोर्ट मे फिटनेस और योगा कार्यक्रम का रविवार को आयोजन किया।इस अवसर पर जेएसजी मेवाड़ रीजन के चेयरमैन अरुण मांडोत एवं कल्प नेचुरो हेल्थकेयर के निदेशक डॉ. अर्पित चौधरी ने बताया कि आज प्रात: 6.30 बजे से 8.30 बजे योगा कराया गया। जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभागी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक लोगों ने भाग ले कर योगा किया।कार्यक्रम में योग के साथ-साथ जुंबा, सत्संग और पुरस्कार समारोह भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जेएसजी मेवाड़ रीजन चेयरमैन अरुण मांडोत,कल्प नेचुरो हेल्थकेयर के डॉ. अर्पित चौधरी, शर्मा फिजियोथेरेपी क्लीनिक की डॉ. बलदीप शर्मा, आर प्रोडक्शन निर्देशक रिदम पंवार,द हीलिंग चैम्बर निर्देशक ओशीन तिवारी एवं आर्ट ऑफ लिविंग के इश्विन सच्चर द्वारा संचालित किया गया था। आयोजन में लोगों ने योग के अलावा जुंबा का भी आनंद लिया, साथ ही सत्संग में भाग लिया और योगिक उपदेशों का लाभ उठाया। योग दिवस के अवसर पर कई पुरस्कारों की वितरण समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें योग में उत्कृष्टता प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण उदयपुर के इकतारा निर्देशक आरुषि जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गीतांजलि मेडिकल हॉस्पिटल की डॉ अर्चना शर्मा द्वारा महिला स्वास्थ पर विशेष चर्चा की गई ।कार्यक्रम में कई सामाजिक संगठनों ने भी भाग लिया।




## स्काउट गाइड कला कौशल शिविर का हुआ समापन

बढता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा केशव सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 37 वे दिन राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के कला कौशल शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम का समापन मां सरस्वती का दीप प्रज्वलित कर किया । स्थानीय संघ के सचिव उर्मिला पाराशर ने बताया कि यह शिविर 17 से 22 जून तक आयोजित हुआ । आज समापन के अवसर पर पेंटिंग, सिलाई ,बुनाई ,मेहंदी ,सार सज्जा, डांस जैसी कलाओं का प्रदर्शन किया गया । गाइड पूजा जीनगर द्वारा घूमर नृत्य सभी स्काउट गाइड का आकर्षण का केंद्र रहा। स्काउट गाइड के अध्यक्ष भंवरलाल शर्मा ने कहा कि शिविर में अनुपयोगी सामग्री को उपयोगी बनाने की कला है ।तथा स्काउट गाइड अजमेर मंडल के प्रधान प्रतिनिधि रामेश्वर धाकड़ ने कहा की स्काउट के कला कौशल शिविर छात्रों की प्रतिभाओं को निखारने का केंद्र है ।कार्यक्रम के अध्यक्षता भंवर लाल शर्मा, मुख्य अतिथि रामेश्वर लाल धाकड़, विशिष्ट अतिथि समाज सेवी विनोद पाराशर व अखिल व्यास तथा शिविर प्रशिक्षक स्काउटर श्याम बिहारी शर्मा , गाइडर रश्मि व्यास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्याम बिहारी शर्मा तथा सचिव उर्मिला पाराशर ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन एक पेड़ देश के नाम लगाकर किया।

## धर्मवीर पहलवान ने हिमाचल प्रदेश में जीती 'छोटी माली', राजस्थान का नाम किया रोशन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम अजीतपुरा निवासी राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ जिलाध्यक्ष व कुश्ती कोच धर्मवीर पहलवान ने हिमाचल प्रदेश में आयोजित कुश्ती दंगल में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। धर्मवीर पहलवान ने इस प्रतियोगिता में 'छोटी माली' जीतकर राजस्थान प्रदेश समेत कोटपूतली-बहरोड़ जिले का नाम रोशन किया। धर्मवीर पहलवान पावटा अखाड़े के प्रमुख पहलवान हैं और उनकी इस जीत ने पावटा अखाड़े का गौरव बढ़ाया है। पावटा अखाड़ा अपनी मिट्टी की कुश्ती के लिए प्रसिद्ध है और यहाँ के पहलवानों ने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। हिमाचल प्रदेश के राजा का तालाब जावली में आयोजित कुश्ती दंगल में विभिन्न राज्यों के नामी पहलवानों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में धर्मवीर पहलवान और जावली के बबलु पहलवान के बीच कुश्ती हुई, जिसमें धर्मवीर पहलवान ने अपनी कुश्ती कौशल का प्रदर्शन करते हुए छोटी माली जीती। इस दौरान राजस्थान केसरी विजेंद्र पहलवान नागल सोडा, नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट सचिन पहलवान, टोनी पहलवान, हेमंत पहलवान, अंकुर पहलवान, सुनील पहलवान, अशोक, कोशिंदर पहलवान महाराज समेत अन्य नामचीन पहलवान मौजूद रहे। सभी ने धर्मवीर पहलवान की जीत पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## गोयनका करौली जिले के प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी/करौली( अंशु गुप्ता )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सीए प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष नितिन व्यास द्वारा करौली जिले के सीए प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर नीतेश गोयनका को नियुक्त किया गया है।जिला कांग्रेस कमेटी करौली के अध्यक्ष शिवराज मीना, पूर्व विधायक लाखन सिंह कटकड पीसीसी सचिव भूपेन्द्र भारद्वाज, पीसीसी सदस्य घनश्याम इरनिया,नगर परिषद उप सभापति सुनील सैनी चैन सिंह मीना लीलोटी , पुष्पेंद्र मीना पूर्व पार्षद मजीद खान, संवाददाता अजीम खान चिनायटा प्रभाव चौधरी उदय सिंह जाटव अबरार काज़ी सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नियुक्ति पर नीतेश गोयनका को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है ।



## मेवाड़ हार्मनी ग्रुप द्वारा मादड़ी में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत निर्मित सड़क का उद्घाटन आज

### पंजाब के राज्यपाल सहित अनेक अतिथि रहेंगे मौजूद

बढ़ता राजस्थान


**उदयपुर ( नि.स. )।** मेवाड़ हार्मनी ग्रुप द्वारा सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत मेवाड़ औद्योगिक क्षेत्र में निर्मित करायी गई सड़क का उद्घाटन 23 जून को पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया करेंगे। मेवाड़ हारमनी ग्रुप के प्रतिनिधि ने बताया कि उद्घाटन पश्चात् उदयपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज के पी.पी.सिंघल सभागार में दक्षिण राजस्थान के उद्यमियों के साथ एक संवादात्मक बैठक का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल कटारिया,विशिष्ट अतिथि रीको की प्रबन्ध निदेशक श्रीमती शिवांगी स्वर्णकार, सेलो वर्ल्ड लिमिटेड के सीएमडी प्रदीप घीसूलाल राठौड़, राज्य के पूर्व मुख्य सचिव पी.एन. भंडारी, यूसीसीआई के संरक्षक बी.एच. बापना, यूसीसीआई के अध्यक्ष मनीष गलुंडिया, महाचिव आशीष छाबड़ा भाग लेंगे।

# विरासत को सहेजकर, विकास की ओर अग्रसर जयपुर का ऐतिहासिक गलता तीर्थ

- गालव ऋषि की तपोभूमि का जयपुर जिला प्रशासन ने किया कायाकल्प
- जयपुर जिला प्रशासन के प्रयासों से बदली मंदिर ठिकाना गलता जी की तस्वीर
- जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं कर रहे विकास कार्यों की मॉनिटरिंग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** गुलाबी नगरी जयपुर में लाखों करोड़ो श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र गलता तीर्थ इन दिनों विरासत को सहेजकर विकास की ओर लगतार अग्रसर है। जयपुर जिला प्रशासन के प्रयासों से मंदिर ठिकाना गलता जी की तस्वीर बदली बदली नजर आ रही है। सुनियोजित विकास से पल्लवित हो रही इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक धरोहर की दिव्यता एवं भव्यता को सैलानियों एवं श्रद्धालुओं की सराहना मिल रही है। अतिरिक्त जिला कलक्टर अशीष कुमार ने बताया कि जिला कलक्टर एवं प्रशासक मंदिर ठिकाना गलता जी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के रचनात्मक सोच और पहल से गलता तीर्थ एक बार फिर से अपने दिव्य एवं भव्य स्वरूप में लौटने लगा है। जिला प्रशासन की ओर से 11 करोड़ 94 लाख रुपये की लागत से मंदिर ठिकाना



गलता जी के जीर्णाद्वार एवं सौन्दर्यकरण करवाया गया है। सैलानियों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं विकसित की जा रही है। जिला प्रशासन ने ना केवल गलता तीर्थ में पवित्र मंदिरों एवं कुंडों की साफ-सफाई के साथ-साथ जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण करवाया गया है, बल्कि यहां कि ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक विरासत को सहेजने का कार्य भी किया है। उन्होंने बताया किया गलता परिसर में गलता तीर्थ के इतिहास का हिन्दी व अंग्रेजी में वर्णन करने वाली शिलालेख उर्त्कीण करवाए गए हैं। गलता जी से घाट के बालाजी तक हैरिटेज पोल लगाकर सुन्दर व आकर्षक लाईटे लगाई गई है साथ ही गलजा जी तक पैदल आने-जाने हेतु पाथवे विकसित किया गया है। जिला प्रशासन के द्वारा कोबल स्टोन कार्य, नाला कम पार्किग का कार्य, स्वागत द्वार, गेन्ट्री बोर्ड, बाहरी दीवारों पर कड़ा, खमीरा कार्य, रेड सेंड कार्य, पत्थर की जालियां, सेल्फी पॉईट विकसित करवाया गया है। जिला प्रशासन के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज गलता तीर्थ का अनुपम स्वरूप एक बार फिर से सैलानियों को आकर्षित कर रहा है। साथ ही, जिला प्रशासन द्वारा मंदिर ठिकाना गलता जी के विकास लिए अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। गलता मंदिर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं चुस्त-दुरुस्त करने के लिये जिला प्रशासन ने गलता मंदिर परिसर एवं घाट के बालाजी पर 15 नाइट वीजन तकनीक से लैस सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। कैमरों के द्वारा अब जिला प्रशासन द्वारा वहां होने वाली सम्पूर्ण गतिविधियों पर अपनी नजर रख रहा है। वन विभाग द्वारा गलताजी क्षेत्र में वनावरण बढ़ाने की दिशा में प्रयास किये गए हैं साथ ही आकर्षक फूलों वाले पौधे एवं बेल भी लागाई गई है जो गलता तीर्थ की खूबसूरती में चार चांद लगा रही हैं।

# पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा 24 जून से 09 जुलाई तक

- ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर लगेंगे शिविर, विभिन्न विभागों की सेवाओं का मिलेगा लाभ
- कलक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देशन में टीम कोटपूतली-बहरोड़ जुटी तैयारियों में

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील पहल के तहत समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान कर उसका जीवन स्तर उंचा उठाने की मंशा से प्रदेश भर में 24 जून से 09 जुलाई तक पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा मनाया जायेगा। इसके तहत हर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर आयोजित होंगे। इनमें राजस्व, बिजली, पानी सहित सभी विभागों की विभिन्न सेवायें मौके पर ही प्रदान की जायेगी। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देशन में टीम कोटपूतली-बहरोड़ अभियान को सफल बनाने के लिये तैयारियां कर रही हैं। विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियां होगी आयोजित ः- राजस्व मंडल द्वारा तलब अभिलेखों/पत्रावलियों को प्रेषित करना, लंबित नोटिस को तामील करना, लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण, लंबित कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करना, लंबित नामान्तरणों का निस्तारण, रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण, आपसी सहमति से बंटवारे करना, बजट घोषणाओं के लंबित भूमि आवंटन के प्रस्ताव तैयार करना, अप्रयुक्त विभागीय भवनों/भूमि का उपयोग एवं आवंटन करना, अटल ज्ञान केन्द्र के लिये जगह/भवन चिन्हित करना आदि। ग्रामीण विकास द्वारा डीबीटी के माध्यम से 21 हजार रूपये की दर से प्रोत्साहन राशि का वितरण करने हेतु पं. दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत लक्षित बीपीएल परिवारों को बैंक खातों का सत्यापन करना, पं. दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु आवेदन प्राप्त करना, योजना के तहत नये गांवों के बीपीएल परिवारों का सर्वे करना। पंचायती राज द्वारा स्वामित्व पट्टे बनाना एवं वितरण करना, वर्षा जल संरक्षण हेतु जलग्रहण संरचनाओं की मरम्मत संबंधी कार्य करवाना आदि। ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली के झूलते तारों को खिंचवाना, विद्युत पोल सही करवाना, तारों के सम्पर्क में आने वाले पेड़-पौधों की कटिंग करवाना आदि। पीएचईडी विभाग द्वारा लंबित नल कनेक्शन शीघ्र जारी करना, पानी की टंकियों की साफ-सफाई करवाना, पीएचईडी स्त्रोतों के लंबित विद्युत कनेक्शन जारी कराना, ग्रीष्मकाल में जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु किये जा रहे आकस्मिक कार्यों का सत्यापन करना, लीकेज की मरम्मत और अंतिम छोर पर जल-दबाव सुनिश्चित करना, पाईप लाईन संबंधी कार्यों में तोड़ी गई सड़क की मरम्मत व स्थिति की समीक्षा करना आदि। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों का




# गर्म मौसम में अफ़ीम की पत्तियों (पाँसी) की साग का यूनानी चिकित्सा में महत्वपूर्ण उपयोग : डॉ लियाक़त अली मंसूरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अफ़ीम एक जंगली पौधा है। मुग़लों के शासनकाल में इसे नशे के रूप में लिया जाने लगा था। ब्रिटिश काल में पहली बार इसकी पॉलिसी बना कर लाइसेंस जारी किए जाने लगे। आज़ादी के बाद भारत में एक्ट बना कर अफ़ीम को मादक पदार्थ अधिनियम में रखा गया था। भारत में अफीम की खेती सर्वाधिक पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान में की जाती हैं। राजस्थान में कोटा, झालावाड़ और मेवाड़ में इसकी फसल की जाती हैं। मध्य प्रदेश के मालवा और मंदसौर में इसकी फसल अधिकादिक की जाती हैं। अफीम काला होता हैं चार दशक पहले एक किलो अफीम की कीमत दस ग्राम सोने के बराबर हुआ करती थी तभी से इसे मालवा का काला सोना कहा जाने लगा । एक डोडे से पाँच से छ ग्राम अफीम निकलती हैं । अफ़ीम के पौधे को तैयार होने में सौ दिन का समय लगता हैं। इस पौधे के सभी अवयव क़ीमती होते हैं जैसे-फूल, फल, डोड़े, पत्तियाँ (पाँसी), तना, बीज और फल के छिलके इत्यादि। बीजों को पोस्तदाना या ख़स खस कहते है जिसका प्रयोग दवाईयां और साग बनाने में करते है। डोड़े और उसके दूध से नशे की चीज़ें और अन्य दवाईयां तैयार होती हैं इसलिए यह बहुत महँगा बिकता है। शारीरिक दर्द नाशक दवाओं और अन्य दवाओं की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए इसकी पैदावार को दिनों दिन बढ़ोत्तरी की जा रही हैं। इसी अफ़ीम के पौधे की पत्तियाँ भी साग बनाने में उपयोग लाई जाती हैं जिसे पांसी की साग कहते है जिसका यूनानी चिकित्सा में बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इसकी सब्जी पारम्परिक रूप से गाँवों में आज भी बनाई जाती हैं और इसका स्वाद अलग और थोड़ी कड़वाहट लिए होती हैं जिसमें कई ख़ास मसालों के साथ बनाई जाती



हैं । यह डिश बनाने का तरीका बहुत पुराने समय से चलन में है, यह आज परम्परा का हिस्सा बन चुका हैं जिसका स्वास्थ्य से सम्बन्ध है। इसका कोई नशा नहीं आता है बल्कि स्वास्थ्य में लाभकारी है। दिमाग़ की गर्मी ख़त्म करता है और दिमाग़ को ठंडक देता है। यह गर्मी में लू से बचती हैं और सर्दी में गर्मी का काम करती हैं यानी यह सर्दगर्म का कार्य करती हैं। यूनानी चिकित्सा पद्धति में मौसम के अनुरूप इसकी साग बना कर दी जाती हैं जो निम्न बीमारियों में लाभकारी होती हैं :-

**1. दर्दनाशक के रूप में—कमर दर्द, जोड़ों के दर्द में उपयोग में लाई जाती हैं।**

**2. अमराजे बोल—बहुमूत्र, शुगर आदि में।**

**3. श्वास रोग में—श्वास के रोगों और खाँसी में।**

**4. अमराजे सिकम—अतिसार, खूनी दस्त और पित्त रोग में।**

**5. अमराजे आसाब—नींद लाने में, अवसाद और दिमाग़ की गर्मी को कम करने में।**

**6. एंटी कोलिनर्जिक्स—इसे पसीना लाने वाली दवा के रूप में उपयोग में लाई जाती हैं।**

**7. यह शारीरिक स्त्रावों को रोकने में मदद करती हैं।**

## चलती ट्रेन से गिरने से युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बिंदायका थाना थाना इलाके में रविवार को रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि युवक की चलती ट्रेन से नीचे गिरने से पोल से सिर टकराने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवा कर मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। एसआई मोहन सिंह ने बताया कि हादसा धानक्या रेलवे स्टेशन से कुछ ूरी पर स्थित रेलवे फाटक के पास हुआ। जहां रविवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास युवक की लहूलुहान हालत में लाश मिलने पर सनसनी फैल गई। मौके पर जुटी भीड़ ने पुलिस को शव मिलने की सूचना दी। पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर मौका-मुआयना किया। मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने मृतक की पहचान नहीं होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि चलती ट्रेन से नीचे गिरने से उसका सिर पोल से टकराया है। सिर में गंभीर चोट लगने से काफी ब्लड निकलने से उसकी मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 35 साल है। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे है, जिसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

## चमन कंवर बनीं राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक एवं न्याय संगठन ने समाजसेवी चमन कंवर को राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह निर्णय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह (अलवर) के नेतृत्व में लिया गया। डॉ. सिंह ने कहा कि चमन कंवर वर्षों से महिलाओं के अधिकारों के लिए सक्रिय हैं। नियुक्ति पर चमन कंवर ने संगठन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगी। संगठन को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएगा।



# कृषि महाविद्यालय द्वारा अन्तराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर अन्तर्गत कृषि महाविद्यालय पाथरेडी द्वारा अन्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं तथा स्टाफ ने डॉ.डी. के. बैरवा के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के योगासन किये जिनमें ताडासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, भ्रदासन, व्रकासन, मकारासन, भुजंगासन, च्रकासन, मुक्तासन, सुखासन, अनुलाम विलोम, भ्रामरी, सुखासन, इत्यादि प्रमुख थें। कार्यक्रम के समन्वयक एवं प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. प्रवीण पिलानियाँ ने बताया कि वर्ष 2025 के अन्तराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग थी। इस अवसर पर कालेज के डीन डॉ सुरेन्द्र सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला व बताया कि भारत में प्राचीन काल से योग किया जा रहा हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ व निरोगी रहता हैं तथा योग से एकाग्रता व स्मरण शक्ति बढ़ती है। योग एक साधना हैं जो तन और मन को तनावमुक्त, शान्त और प्रसन्न रखने के लिये जरुरी हैं। योग शुरु करते समय अपनी उम्र व वजन का भी घ्यान रखना आवश्यक हैं। नियमित योग करने से शरीर का लचीलापन बढता हैं। योग रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाता हैं। छात्रो को नियमित योग करने के लिये कहाँ। योग कोरोना जैसी श्वसन सम्बन्धी बिमारियों के लिये भी आर्युवेदार्चायों द्वारा कारगर बताया गया हैं। डॉ. प्रवीण कुमार हटवाल ने कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद ज्ञापित किया। योग दिवस के अवसर पर डॉ.ओमेश कुमार, कुन्दन मीना, अजय जाजोरिया, सचिन गुर्जर, सुश्री चेतना मीना, सुमन, रविन्द्र, सुनील, सरजीत यादव व अन्य स्टाफ उपस्थित था।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जमीदारा पार्टी और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों को ग्रहण करवाई पार्टी की सदस्यता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रीति और नीति से प्रभावित होकर प्रदेश के कई विपक्षी दलों के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जमीदारा पार्टी और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। जमीदारा पार्टी से पूर्व में भाजपा में शामिल हुए श्योपत सिंह, भीम सिंह कासनिया और आम आदमी पार्टी से भाजपा में शामिल हुए मयंक त्यागी और काजल सैनी (जिला अध्यक्ष सैनी समाज) के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाजपा का




दामन थामा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज देशवासियों के मन में बीजेपी के प्रति अटूट विश्वास बन रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विपक्षी दलों से आने वाले लोगों में भी मोदी सरकार की नीतियों को लेकर गहरी प्रतिबद्धता दिखाई दे रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था अब पहले से कहीं सुदृढ़ और मजबूत हुई, इसके साथ ही देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधारों ने आम जनमानस के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है। राठौड़ ने कहा कि आज देश की वित्तीय स्थिरता, विकसित बुनियादी ढांचा और सुशासन की छवि से भारत की प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की राजनीतिक अनिश्चितता, नीति की विसंगतियां और विकास के प्रति आत्मविश्वास के अभाव ने आम जनता में असंतोष बढ़ाया है। ऐसे में जमींदारा पार्टी और आम आदमी पार्टी जैसे संगठन के कार्यकर्ता भी अब भाजपा के मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट विकास दृष्टिकोण और स्थिर राजनीतिक माहौल का हिस्सा बनने के लिए भाजपा परिवार में शामिल हो रहे हैं।

# पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** 11 वें अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को जिला पुलिस लाईन में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर योग गुरू पूरण मल यादव द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। यादव द्वारा विभिन्न योग व प्राणायाम करवाते हुये योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, एएसपी वैभव शर्मा, पनियाला थानाधिकारी मोहर सिंह, महिला थाना अधिकारी प्रदीप यादव, हवलदार मेजर रिजर्व पुलिस लाईन अवनीश भारद्वाज समेत अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा योग का अभ्यास किया गया।



## सम्पादकीय

# आखिर कनाडा-भारत के बीच सुधरते रिश्ते के वैश्विक मायने क्या हैं?

उल्लेखनीय है कि भारत लंबे समय से कनाडा पर खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर नरम रवैया अपनाने का आरोप लगाता रहा है। लेकिन अब कनाडा सरकार की इस आधिकारिक रिपोर्ट ने भारत की शिकायत को सही ठहराया है।

कनाडा-भारत के बीच सुधरते रिश्ते दोनों देशों के लिए परस्पर लाभदायी हो सकते हैं, क्योंकि दोनों देश अमेरिका जैसे अंतरराष्ट्रीय महाशक्ति के निशाने पर हैं। एक ओर जहां कनाडा को अमेरिका अपने राज्य में मिलाना चाहता है, वहीं दूसरी ओर भारत को अमेरिका विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नीचा दिखाना चाहता है, ताकि उसकी वैश्विक दादागिरी बरकरार रहे। चूंकि भारत और कनाडा के रिश्तों में एक नया मोड़ आ गया है और लगभग दो साल की तनातनी के बाद, कनाडा ने एक बड़ा खुलासा किया है।

कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस ने स्वीकार किया है कि कनाडा में बैठे खालिस्तानी चरमपंथी (आतंकवादी) भारत के खिलाफ हिंसा, प्रचार और फंड इकट्ठा करने के लिए उसकी धरती का इस्तेमाल कर रहे हैं। खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि खालिस्तानी चरमपंथी (अलगाववादी) कनाडा से भारत के खिलाफ गतिविधियां चला रहे हैं। साल 1980 के दशक से ही कनाडा स्थित खालिस्तानी चरमपंथियों (ष्टक्क्वश्व) ने हिंसक तरीके से पंजाब में एक स्वतंत्र सिख राज्य बनाने के लिए अभियान चलाया है।

इस रिपोर्ट में 1985 के एयर इंडिया बम धमाके का भी जिक्र है। जिससे भारत के उस दावे को बल मिला है, जिसमें वह कहता रहा है कि कनाडा आतंकवादियों को पनाह दे रहा है। ष्टस्ढ्ढस् ने यह खुलासा किया कि पाकिस्तान, कनाडा में भारत के प्रभाव को कम करने की कोशिश कर रहा है। यह भारत के लिए एक कूटनीतिक जीत है। इससे यह साफ होता है कि भारत के विरोधी देश, दूसरे देशों की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

दरअसल, यह बात तब सामने आई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की गत दिनों कनाडा में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात हुई और आपसी द्विपक्षीय रिश्तों को पुनः पटरी पर लाने के लिए बहुत ही सकारात्मक माहौल में बात हुई।

इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी ने मोदी के साथ मुलाकात को आधारभूत बताया था। इसका मतलब है कि दोनों देश पिछली बातों को भूलकर आगे बढ़ना चाहते हैं। हालांकि, भारत पिछली बातों को भूलने वाला नहीं है। यही वजह है कि दोनों देशों के बीच में कई रणनीतिक करार भी किये गए हैं, ताकि आपसी भरोसा और कारोबार दोनों बढे। इस हेतु राजदूतों की भी नियुक्ति कर दी गई है।उल्लेखनीय है कि भारत लंबे समय से कनाडा पर खालिस्तानी अलगावादियों को लेकर नरम रवैया अपनाने का आरोप लगाता रहा है। लेकिन अब कनाडा सरकार की इस आधिकारिक रिपोर्ट ने भारत की शिकायत को सही ठहराया है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 23 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1280 रेकुंकिस्टा-ग्रेनेडा के अमीरात के सैनिकों ने मोस्टलिन के युद्ध में कास्टिल साम्राज्य और लियोन साम्राज्य को पराजित किया।
- 1314 स्कॉटिश स्वतंत्रता का पहला युद्धः बैनॉकबर्न युद्ध शुरू हुआ। स्कॉटिश स्वतंत्रता का पहला युद्ध अंग्रेजी और स्कॉटलैंड की सेनाओं के बीच इंग्लैंड पर आक्रमण की अवधि के दौरान श्रृंखला की श्रृंखला का प्रारंभिक अध्याय था, 1328 में एडिनबर्ग-नॉर्थम्पटन की संधि के साथ स्कॉटिश स्वतंत्रता की संधि के साथ। वास्तव में, स्वतंत्रता 1314 में बैनॉकबर्न की लड़ाई में स्थापित हुई थी।
- 1713 अस्साडिया के फ्रांसीसी निवासियों को ब्रिटेन के प्रति अपनी निष्ठा घोषित करने या नोवा स्कोटिया, कनाडा छोड़ने के लिए एक वर्ष का समय दिया गया।
- 1724 इस्तांबुल की संधि पर हस्ताक्षर किये गये, ओटोमन साम्राज्य, रूस और फारस का विभाजन हुआ।
- 1757 प्लासी के युद्ध में सिराजुदौला ने क्लाइव के नेतृत्व वाली ब्रिटिश सेना पर हमला किया, जिसमें उसे हार का सामना करना पड़ा।
- 1757 रॉबर्ट क्लाइव ने प्लासी में सूरज डोभाल के नेतृत्व वाली सेना को पराजित कर बंगाल पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया।
- 1758 सात साल का युद्धः क्रेफेल्ड की लड़ाईः ब्रिटिश सेना ने जर्मनी के क्रेफेल्ड में फ्रांसीसी सैनिकों को हराया। फ्रांसीसी वामपंथी दल की कमान संभालने वाले कोमटे डी सेंट जर्मन, पूरे मार्ग को रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं थे, और फ्रांसीसी सेना अपेक्षाकृत अच्छे क्रम में इस क्षेत्र से पीछे हट गई।
- 1780 अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध की जीत - कॉन्टिनेंटल आर्मी ने स्प्रिंगफील्ड के मलबे में न्यू जर्सी में ब्रिटिश महत्वाकांक्षाओं को प्रभावी ढंग से समाप्त कर दिया।
- 1780 अमेरिकी क्रांतिकारी युद्धः स्प्रिंगफील्ड युद्ध में महाद्वीपीय सेना की जीत ने न्यू जर्सी में ब्रिटिश महत्वाकांक्षाओं को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया।
- 1794 रूस की रानी कैथरीन द्वितीय ने यहूदियों को कीव में बसने की अनुमति दी थी। याकातेरिना एलेक्सेना या कैथरीन द्वितीय, जिन्हें कैथरीन द ग्रेट के नाम से भी जाना जाता है, रूस की सबसे प्रसिद्ध और सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली नेता थीं। उनके शासनकाल को रूस का स्वर्ण युग कहा जाता था।
- 1858 एडगार्डो मोर्टारा, एक छह वर्षीय यहूदी लड़के को पिप्लोथोरिटीज द्वारा जब्त कर लिया गया और रोमन कैथोलिक के रूप में पाला गया, जिससे शाश्वत विवादों को जन्म मिला।
- 1868 क्रिस्टोफर एल. शोल्स को टाइपराइटर के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ।
- 1868 क्रिस्टोफर लैथम शोल्स को एक आविष्कार के लिए पेटेंट मिला जिसे उन्होंने टाइप-राइटर कहा। क्रिस्टोफर लैथम शोल्स एक अमेरिकी आविष्कारक थे जिन्होंने पहली बार व्यावहारिक टाइपराइटर और त्क्ङ्खश्वक्रञ्जङ्घ कीबोर्ड का आविष्कार किया था जो आज भी उपयोग में है। वह एक समाचार पत्र प्रकाशक और विस्कॉन्सिन के एक राजनीतिज्ञ भी थे।
- 1887 कनाडा की संसद ने रॉकी पर्वत पार्क अधिनियम पारित कर दिया, जिससे देश का पहला राष्ट्रीय उद्यान बैंफ राष्ट्रीय उद्यान बन गया।

विशेष आलेख

# ओलंपिक दिवसः समरसता, साहस और सपनों की संकल्प-यात्रा



प्रो. आरके जैन

**अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 1948 में ओलंपिक दिवस की नींव रखी, जो 23 जून 1894 को बैरन पियरे डी कूबर्तिन द्वारा पेरिस के सोरबोन विश्वविद्यालय में देखे गए आधुनिक ओलंपिक के सपने से प्रेरित थी। यह सपना आज 200 से अधिक देशों को एक मंच पर लाता है, जहाँ खेल न केवल प्रतिस्पर्धा, बल्कि समानता, एकता और समावेशिता का प्रतीक है। 2025 की थीम खेल के मैदान को समान बनाना, सबको साथ लेकर चलना इस भावना को और गहरा करती है, जो हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि का हो, को खेल के माध्यम से जोड़ने और सशक्त बनाने का आह्वान करती है।**

जब दुनिया की धड़कनें तनाव, विभाजन और असहिष्णुता की आँधी में थम-सी जाती हैं, तब एक लौ चुपके से जल उठती है—ओलंपिक की मशाल। यह सिर्फ़ आग नहीं, बल्कि मानवता का संकल्प है, जो सीमाओं को तोड़ता है, दिलों को जोड़ता है और एक स्वर में कहता है कि खेल सिर्फ़ मैदान की जीत नहीं, बल्कि जीवन की उड़ान है। 23 जून को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस इस ज्योति को हर दिल तक पहुँचाता है। यह दिन केवल खेलों का उत्सव नहीं, बल्कि समानता, साहस, समरसता और सपनों का महाकुंभ है। यह वह पल है जो हमें याद दिलाता है कि एक रेस में दौड़ने वाला हर इंसान, चाहे वह हारे या जीते, अपने भीतर की असीम संभावनाओं को जीत लेता है। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम न सिर्फ़ मैदान पर, बल्कि जीवन के हर मोड़ पर उत्कृष्टता, मैत्री और सम्मान के ओलंपिक मूल्यों को जियें।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 1948 में ओलंपिक दिवस की नींव रखी, जो 23 जून 1894 को बैरन पियरे डी कूबर्तिन द्वारा पेरिस के सोरबोन विश्वविद्यालय में देखे गए आधुनिक ओलंपिक के सपने से प्रेरित थी। यह सपना आज 200 से अधिक देशों को एक मंच पर लाता है, जहाँ खेल न केवल प्रतिस्पर्धा, बल्कि समानता, एकता और समावेशिता का प्रतीक है। 2025 की थीम खेल के मैदान को समान बनाना, सबको साथ लेकर चलना इस भावना को और गहरा करती है, जो हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि का हो, को खेल के माध्यम से जोड़ने और सशक्त बनाने का आह्वान करती है। आईओसी का लक्ष्य खेल को हर जीवन का हिस्सा बनाना और इसके मूल्यों—सम्मान, मित्रता, उत्कृष्टता—को विश्व भर में फैलाना है। यह दिवस मूव, लर्न, डिस्कवर के संदेश के साथ लाखों लोगों को प्रेरित करता है। 2024 की थीम लेट्स मूव एंड सेलिब्रेट ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ मिलकर लोगों को रोज़ाना 30 मिनट की शारीरिक गतिविधि के लिए प्रोत्साहित किया, क्योंकि डब्ल्यूएचओ के अनुसार, 1.4 बिलियन लोग अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि के कारण मोटापा, डायबिटीज और हृदय रोग जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस समावेशिता और एकता का प्रतीक है। ओलंपिक के पाँच रंगीन छल्ले—नीला, पीला, काला, हरा, लाल—पाँच महाद्वीपों को जोड़ते हैं, नस्ल, धर्म, लिंग की सीमाओं को तोड़कर सपनों को उड़ान देते हैं। 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत ने 117 खिलाड़ियों के साथ 6 पदक जीते—नीरज चोपड़ा का भाला फेंक रजत, मानु भाकर के दो निशानेबाज़ी कांस्य, स्वप्निल कुसाले का राइफल कांस्य, हॉकी टीम का कांस्य और अमन सहरावत का कुश्ती कांस्य। टोक्यो 2020 के 7 पदकों (1 स्वर्ण, 2 रजत, 4 कांस्य) ने भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया, जिसमें नीरज, मीराबाई चानू, पी.वी. सिंधु और हॉकी टीम चमके। पेरिस में विनेश फोगाट का अयोग्य ठहराया जाना और कई चौथे स्थान निराशाजनक रहे, पर भारत की 65त्न युवा आबादी भविष्य की उम्मीद है। ओलंपिक 2024 का मंत्र हार्मनी इन डाइवर्सिटी भारत को बेहतर सुविधाओं और प्रशिक्षण के साथ विश्व मंच पर और ऊँचाइयाँ छूने की प्रेरणा देता है।

यह दिन हमें सिर्फ़ खेलों की बात नहीं करता, बल्कि जीवन की समग्रता की बात करता है। आज जब मानसिक तनाव, डिप्रेशन और जीवनशैली रोग युवाओं को घेर रहे हैं, खेल एक ऐसा माध्यम है जो शारीरिक और मानसिक दोनों स्तरों पर हमें मज़बूत बनाता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, नियमित शारीरिक गतिविधि से मानसिक तनाव 40त्न तक कम हो सकता है। खेल हमें आत्मविश्वास, समय प्रबंधन, नेतृत्व और टीम वर्क जैसे गुण सिखाते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में काम आते हैं। भारत की प्राचीन धरोहर योग, जो अब ओलंपिक आयोजनों में शामिल होने की दिशा में है, इसका जीवंत उदाहरण है। योग न केवल शारीरिक लचीलापन बढ़ाता है, बल्कि मन को शांति और संतुलन भी देता है।

भारत जैसे देश के लिए यह दिन एक क्रांति का आह्वान है। यहाँ प्रतिभा की कमी नहीं, लेकिन अवसरों और संसाधनों की कमी अक्सर सपनों को पंख लगने से रोकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं का अभाव, लड़कियों के लिए सामाजिक बाधाएँ और खेल को करियर के रूप में कम महत्व देना कुछ ऐसी चुनौतियाँ हैं जिन्हें हमें दूर करना होगा। सरकार की योजनाएँ जैसे खेलो इंडिया और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस - टॉप्स) ने इस दिशा में कदम उठाए हैं, लेकिन ज़रूरत है सामुदायिक स्तर पर जागरूकता और भागीदारी की। स्कूलों में खेलों को अनिवार्य करना, स्थानीय स्तर पर कोचिंग सेंटर स्थापित करना और माता-पिता को बच्चों को खेलों के लिए प्रोत्साहित करना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। ओलंपिक दिवस हमें असफलता से डरना नहीं सिखाता। मिल्खा सिंह, जिन्होंने 1960 रोम ओलंपिक में 400 मीटर दौड़ में चौथा स्थान हासिल किया, या दीपा करमाकर, जिन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में जिमनास्टिक्स में चौथे स्थान पर रहकर भी इतिहास रचा, ये वो नायक हैं जो हमें सिखाते हैं कि हार अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है।

# इजरायल ईरान युद्ध में अमेरिका का दखल,ईरान के फोर्दो,नातंज और इस्फ़हान में हमला



संजीव ठाकुर

**फोर्दो सबसे बड़ा परमाणु ईंधन भंडारण जो पूरी तरह तबाह हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले की पुष्टि भी कर दी है उन्होंने अपने मीडिया हैंडल में लिखा है कि हमने इन तीन परमाणु भंडारण केंद्र में हमले कर उसे तबाह करने की कोशिश की है और हमारे दोनों फाइटर प्लेन सुरक्षित वापस अमेरिका आ चुके हैं डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि हमले हो सकते हैं इसराइल के प्रधानमंत्री ने कहा कि शांति का रास्ता हमले से गुजर कर होकर जाता है।**

ईरान-इजरायल और अमेरिका के ट्रायंगल ने नया मोड़ ले लिया है। इजरायल ईरान युद्ध के तनाव को अमेरिका की एंट्री ने और बढ़ा दिया है। इजरायल ईरान के भीषण युद्ध में जहां इसराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान सहित ईरान के सत्ता प्रमुख आयतुल्लाह खेमनेइ को खत्म करने की ठान ली है। वहीं ईरान ने जवाबी हमले में तेल अबिब के गैस और तेल के ठिकानों सहित स्टॉक एक्सचेंज, अस्पताल सहित अनेक नागरिक केंद्रों को बर्बाद कर दिया है। ईरान की टारगेटेड मिसाइल को इसराइल रोक पाने में असफल रहा है, वैसे अब इजरायल के पास ईरान को रोकने के लिए उतने अस्त्र-शास्त्र शेष नहीं बचे क्योंकि विगत एक साल से ज्यादा उसकी लड़ाई हमास,हिजबुल और हूती विद्रोहियों के साथ गाजा पट्टी तथा फिलिस्तीन पर चल रही है। अब इजराइल में वह दम-खम नहीं रहा जिसके लिए वह जाना जाता है। जबकि ईरान के पास अभी सैकड़ों मिसाइल्स का भंडार बचा हुआ है जिसके दम पर वह इसराइल के शहरों में ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। इसराइल ने इन परिस्थितियों में अमेरिका से ईरान पर हमले की गुजारिश भी की थी, और अमेरिका ने बीती रात अपने सबसे खतरनाक एयर स्ट्राइकर से ईरानी परमाणु ईंधन केंद्रों जिनमें प्रमुख फोर्दो,नतांज और इस्फ़हान हैं जिनके गहरे बंकरों में वह परमाणु ईंधन छुपा कर रखता है पर हमला कर दिया है। समाचार एजेंसी के अनुसार इनमें एक

फोर्दो सबसे बड़ा परमाणु ईंधन भंडारण जो पूरी तरह तबाह हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले की पुष्टि भी कर दी है उन्होंने अपने मीडिया हैंडल में लिखा है कि हमने इन तीन परमाणु भंडारण केंद्र में हमले कर उसे तबाह करने की कोशिश की है और हमारे दोनों फाइटर प्लेन सुरक्षित वापस अमेरिका आ चुके हैं डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि व? हमले हो सकते हैं इसराइल के प्रधानमंत्री ने कहा कि शांति का रास्ता हमले से गुजर कर होकर जाता है। हीरा की सट्टा प्रमुख ने इसके जवाब में कहा है कि हमले रुकेंगे नहीं और अब शांति प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि मिडिल ईस्ट में इसराइल के अलावा किसी के पास परमाणु बम नहीं है वैसे तो घोषित तौर पर इजरायल के पास भी परमाणु बम नहीं है पर रक्षा विशेषज्ञ बताते हैं कि इसराइल ने परमाणु बम बना लिया है एवं वह इस दुनिया के सामने इसकी घोषणा नहीं करता है। इन परिस्थितियों में ईरान अमेरिका तथा इजरायल के सामने अलग-थलग पड़ गया है इसका एक बड़ा कारण मिडिल ईस्ट में शिया तथा सुन्नी समुदाय का आंतरिक विरोध भी है। पिछले 36 साल से ईरान पर शासन कर रहे आयतुल्लाह खेमनई ने शिया सुन्नी विवाद को बहुत आगे बढ़ा दिया और मिडिल ईस्ट के कई देशों को परेशान भी किया है ऐसे में सारे मुस्लिम देश इसराइल तथा अमेरिका के विरोध में एकत्र नहीं हो पाए।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



देवेन्द्र शर्मा
( शिक्षाविद व लेखक )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं शिक्षाविद व लेखक देवेन्द्र शर्मा जी। पिता स्व:श्री नेमचंद शर्मा के पदमानुसरण और माता श्रीमती जयदेवी शर्मा की आध्यात्मिक परवरिश के अनुराग में एक अ%छे विचारक के रूप में एक अ%छे चिंतक के रूप में जाने जाते हैं। व्याख्याता ममता शर्मा की सद् प्रेरणा से इनका कॉलम लिखने का सौभा%य मिला है। इनका जन्म 6 सितम्बर सन 1955 भरतपुर के नगर कस्बे में हुआ। सैकेंड्री 1970 में हायर सैकेंड्री 1971 में नगर (भरतपुर) से हुई। 1974 में स्नातक राजर्षि महाविद्यालय अलवर से की 1976 में अधिस्नातक (हिन्दी)1977 में शिक्षा स्नातक श्रीजैन शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय अलवर से हुई। 1985 में शिक्षा निष्णात (ऐम .ऐड) शिमला प्राध्यापक हिन्दी से हुई और राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 1980-81 प्रथम नियुक्ति गढ़ाचंद्र जी में हुई। इसके बाद का अध्याय सेवा स्थल गीजगढ़, टहला, यशवन्त अलवर , वरिष्ठ प्राध्यापक ,डाइट अलवर , प्रधानाचार्य दरीबा प्रोजेक्ट अलवर बालेटा , दक्ष प्रशिक्षक लोक जुम्बिस जयपुर रहा। सम्प्रति स्वतंत्र लेखन,अलवर की साहित्यिक संस्थाओं (आस्था-साहित्य परिषद सृजक) की इनकों गोष्ठियों में काव्य पाठ । प्रेरणा अपने शैक्षिक गुरुजन के संपर्क से व स्वतः स्फूर्त व बेहद बौधिक शिक्षा के आधार पर स्वयं का मूल्यांकन कर अनेकों साहित्य व नाट्य पुस्तकों का लेखन किया। जिनमें प्रमुख हैं। श्री भर्तृहरि चालीसा, रसगंध (वत्सल रस) रसगंध (हास्य व्यंग्य एवं वीभत्स रस)स्वर ये सिंह द्वार के (साझा काव्य संग्रह संपादन) 5 उनको भी एक दीप जलाओ (काव्य संग्रह),शहीदे आजम सरदार भगत सिंह (खंडकाव्य), मैं मानव हूँ (खण्ड काव्य),श्री रामचरितम (महाकाव्य),श्री शिव चरितम महाकाव्य),दहेज (एकांकी), भगवान परशुराम (नाटक), प्रवासी परिंदे (कहानी संग्रह), बीते वे दिन (उपन्यास),वीर पंचाध्यायी त्रयी( 15 वीर चरित काव्य) आदि का सृजन किया। शानदार व्यक्तित्व के इंसान हैं देवेन्द्र शर्मा जी। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्वल व स्वस्थ जीवन के लिए कामना करती है।

रूपक शर्मा

## कर्मा

बढ़ता राजस्थान

ये दिलीप कुमार की कर्मा मूवी वाली कहानी नहीं सुना रहा हूं,अपने आलेख में मैं उस कर्म का जिक्र कर रहा हूं जो लौट कर आता ही है। आज रमेश की बेटी की सगाई हो चुकी है। रमेश के दो बेटे हैं, दोनों की शादी हो चुकी है। दोनों बेटे रहते उसी घर में हैं घर काफी बड़ा है, लेकिन आपस में दोनों की बनती नहीं है, दोनों सरकारी नौकरी पर हैं। दोनों के अपने-अपने खर्चे है,बस रमेश दोनों को मासिक मिलने वाली पैंशन में से चार-चार हजार रूपये महीने देता है ताकि समय पर भोजन मिल सके। रमेश की पत्नी को गुजरे आज सात साल हो गए हैं। एक बेटी रह गई थी सो आज उसकी सगाई कर दी। शादी का मूहुर्त भी अगले महीने का ही है। रमेश भी सरकारी नौकरी से सेवानिवृत हो गया था 9 साल पहले ही। फिर मकान बनवाया दोनों बेटो के लिए ऊपर का पूरा पोंशन उठवाया तो उसमें 11 लाख रूपये खर्च हो गए। अब बेटी की शादी वो भी महंगाई के इस दौर में तो शाम होते ही उसने दोनों बेटों से अगल-अगल बात की कि वो अपनी बहन की शादी में क्या मदद करेंगे। दोनों बेटे कलाकार निकले दोनों ने कहा कि हमारे पास तो हैं ही नहीं हम कैसे मदद करें पापा,हर महीने खर्चा इतना हो जाता है कि पीछे दो पैसे भी बचते नहीं। जबकि सत्य ये है कि दोनों भाईयों ने मोटी मोटी एफडी बैंकों में डाल रख्खी है साथ ही एकाध प्लाट में भी इन्वेस्ट किया हुआ है। रमेश ने जब बेटों के मुँह से सुना कि बहन शारदा की शादी में वे कोई मदद नहीं कर पाऐंगे तो रमेश टूट गया। चुपचाप अपने कमरे में चला गया, शाम का भोजन भी नहीं किया और सोचता रहा। अचानक रमेश की आँखों के सामने 33 साल पहले का एक नजारा पिगार के रूप में दिखाई देने लगा। रमेश के पिता रमेश की बहन की शादी के लिए मदद की गुहार लगा रहे थे तब रमेश ने भी कह दिया कि पिताजी मेरे पास कहां हैं मैं ही जानता हूं कैसे कैसे गुजारा करता हूं। रमेश के बूढ़े पिताजी 66 साल की उम्र में एक प्राइवेट कम्पनी में काम करते थे,ना के बराबर तन्ख्वाह और बेटी की शादी कैसे होगी इस घटना ने रमेश के पिता को तोड़ कर रख दिया। आखिरकार रमेश की बहन की शादी हुई मदद किसी ओर ने की पर हो गई लेकिन आज रमेश को पुत्रधर्म व भाई के कर्तव्यबोध हो रहा था। आँखे नम थी उस समय के किए गए कर्म आज खुद के माथे पर नाच रहे थे। सोचते सोचते ना जाने रमेश को कब नींद आई। दोस्तों से वास्तविकता है हमारे कर्म लौट कर आते हैं फिर वो चाहे अच्छे हों या बुरे .

रूपक शर्मा
संपादकीय प्रभारी,अलवर संस्करण

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

### वृष
लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

### मिथुन
स्नेहीजनों एवं मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

### कर्क
मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

### सिंह
परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी।

### कन्या
पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

### तुला
शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं।

### वृश्चिक
वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी।

### धनु
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### मकर
पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

### कुंभ
नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

### मीन
शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

# ठगी का अनोखा तरीका, 8 पैर वाला कछुआ दिखाकर ठगे लाखों रुपए, पुलिस ने दबोचे 3 आरोपी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले में गंगापुरसिटी के वजीरपुर थाना क्षेत्र में ठगी का एक अनोखा मामला सामने आया है। कुछ लोगों ने एक जने को झांसा देकर आठ पैरों वाला कछुआ दिखाकर तीन लाख रुपए ठग लिए। वजीरपुर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से कई दिनों की मशक्कत के बाद तीन आरोपियों को दबोच लिया है। साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपी पीसी रिमाण्ड पर लिए गए हैं। थाना प्रभारी टीनू सोगरवाल ने बताया कि एक पखवाड़े पहले कुछ लोग गांव में एक कछुए को लेकर घूम रहे थे। इस दौरान बड़ौली का पुरा निवासी लोहड़े लाल पुत्र मीठया लाल बैरवा उनके संपर्क में आया। आरोपियों ने उससे आठ पैरों वाले कछुए के बारे में बताया। कहा कि बाजार में इसकी कीमत करीब 40 लाख रुपए है। यह सात लाख रुपए में मिल जाएगा। चार लाख का इंतजाम तो हो गया है। तीन लाख रुपए की जरूरत है। इस बहकावे में आकर लोहड़े ने तीन लाख रुपए का इंतजाम कर लिया। इस पर आरोपी उसे बाइक पर बैठाकर गंगापुर सिटी ले आए! जहां एक कार में बैठे लोगों के हाथ में आठ पैर वाला कछुआ दिखा दिया। इतना ही नहीं



पीड़ित को विश्वास दिलाने के लिए आरोपियों ने दूसरी कार से एक फर्जी चिकित्सक को भी बुला लिया। उसने उसे स्वस्थ तथा आठ पैरों वाला बताया। इस झांसे में आकर पीड़ित अपने पुत्र के साथ कार में बैठ गया। आरोपी उसे पिपलाई की तरफ ले गए जहां रास्ते में दोनों को मारपीट कर मोबाइल छीनकर भगा दिया। इसके बाद पीड़ित ने मामला दर्ज कराया। पुलिस ने इस ऑपरेशन को कछुआ नाम दिया।

### यह हैं आरोपी

आरोपियों में संजय पुत्र चंदालाल मोग्या बागरिया, प्यारसिंह पुत्र चंदालाल तथा कजोड़ पुत्र हनुमान मोग्या निवासी खेड़ला थाना मण्डावरी, दौसा हैं। तीनों को बापर्दा न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उनको पीसी रिमाड पर सौंपा गया है।

### इनका कहना है

यह ठगी का अनोखा मामला आया है। आरोपियों की पहचान करना मुश्किल हो गया था। सीसीटीवी के आधार पर तीन लोगों को पकड़ा है।

**टीनू सोगरवाल, थाना प्रभारी, वजीरपुर**

यह अजीब प्रकरण है। पुलिस ने काफी मेहनत कर आरोपी पकड़े हैं। पूरी गैंग का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

**ममता गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, सवाईमाधोपुर**



# अवैध स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, 35 ग्राम स्मैक बरामद

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से 35 ग्राम स्मैक बरामद की है। आरोपियों से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। थानाधिकारी बृजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के आदेशों पर अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम अभियान को लेकर विशेष टीम का गठन किया गया। हेड कांस्टेबल नरेंद्र, कानि. रामप्रसाद, रामराज, महेश व रमेश चन्द की टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित बालाजी होटल के समीप नाकाबंदी कर शिवाजी कॉलोनी निवासी शक्तिसिंह व मालियों का मोहल्ला निवासी पवन सैनी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 35 ग्राम स्मैक बरामद की है। आरोपियों से एक मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है। बरामद स्मैक का बाजार मूल्य करीब 3 लाख रुपए है।

# भाजपा वृहद स्तर पर मनाएगी आज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस एवं आपातकाल विरोधी दिवस को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई माधोपुर के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बैठक में 23 जून को मंडल स्तर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस मनाई जाएगी, साथ ही 25 जून को आपातकाल विरोधी दिवस को जिला मुख्यालय पर वृहद स्तर पर मनाने को लेकर योजना बनाई गई! बैठक में कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु मंडल एवं जिले के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी भी सौंपी गई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ भरतलाल मथुरिया ने बताया कि 25 जून को प्रातः 11 बजे रणथंभौर मैरिज गार्डन में आपातकाल विरोधी दिवस एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस संयुक्त रूप में भी मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा उपस्थित रहेंगी ! कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर करेंगे। इस दौरान बैठक मे पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंगलाल जाट, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, जिला महामंत्री हरिओम गर्ग, कोषाध्यक्ष दीन दयाल अग्रवाल, शहर मंडल अध्यक्ष कपिल जैन, जिला उपाध्यक्ष मीरा सैनी, संतोष मथुरिया, मुकेश शर्मा, पार्षद रामसिंह गुर्जर ,देवेंद्र मोहन गौतम आदि उपस्थित रहे।

# एसी कोच में चादर से ढंकी थी सीट, डीआरएम के फोन पर दौड़ी-दौड़ी पहुंची जीआरपी, अंदर का नजारा देख उड़े होश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ कोटा( राकेश शर्मा )।** अमृतसर-मुंबई के बीच चलने वाली स्वर्ण मंदिर मेल के एसी कोच में कोच अटेंडेंट की सीट को सफेद चादर से ढंका गया था। दिल्ली से कोटा तक सीट चादर से ढंकी रही। सीट के अंदर अजीब हरकत देख यात्रियों को कुछ शक हुआ. उन्होंने फोटो और वीडियो कोटा रेल मंडल के अफसरों को भेजे. जीआरपी आनन-फानन में पहुंची. सफेद चादर हटाते ही कुछ ऐसा दिखा कि सबके होश उड़ गए। कोटा- अमृतसर-मुंबई स्वर्ण मंदिर मेल में यात्री को अवैध तरीके से ले जाते एक कोच अटेंडेंट को पकड़ा गया। यात्रियों की शिकायत पर रेलवे ने एक्शन लिया। पकड़े गए यात्री पर 3300 रुपये का जुर्माना लगाया गया। यात्रियों ने बताया कि थर्ड एसी कोच का एक अटेंडेंट एक यात्री को अवैध रूप से ले जा रहा था। यात्री को छुपाने के लिए कोच अटेंडेंट ने सीट को चादर से ढंक दिया। दिल्ली से कोटा तक किसी टीटीई ने इस यात्री की तरफ ध्यान देना जरूरी नहीं समझा। सीट को लगातार चादर से ढके होने के कारण मुसाफिर को कुछ शक हुआ. पूछताछ में यात्री अपना टिकट न दिखा सका . मुसाफिरों के सवालों के सही जवाब भी नहीं दे सका। कोच अटेडेंट भी मुसाफिरों के सवालों से बचत नजर आया। अमृतसर-मुंबई स्वर्ण मंदिर मेल में यात्री को अवैध तरीके से ले जा रहा कोच अटेंडेंट पकड़ाया। पैसेंजर्स ने यात्री का वीडियो और फोटो बनाकर मामले की शिकायत कोटा मंडल अधिकारियों को कर दी। अधिकारियों ने कोच कंडेक्टर को मामले की जांच का उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। कोच कंडक्टर की जांच में भी यात्री अवैध रूप से सफर करता मिला। शामगढ़ में कोच कंडक्टर ने यात्री पर 3300 रुपये का जुर्माना लगाया।

# खेलते-खेलते कूलर से चिपक गए तीन बच्चे, एक मासूम की मौत, परिवार में मचा कोहराम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले के गंगापुरसिटी में कॉलेज के पास काजी कॉलोनी में लगा एक कूलर शनिवार को बच्चों के लिए काल बन गया। खेलने के दौरान कूलर से करंट की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन बच्चे घायल हो गए। इनमें से एक बालिका का राजकीय चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम टूट गया।

### दो का उपचार जारी

वहीं दो बच्चों का उपचार जारी है। मृतक रिहाना 6 पुत्री शहजाद है। वहीं घायलों में शराफत की चार वर्षीय पुत्री हुमेरा तथा दस साल का अरमान है। मृतका के पिता शहजाद ने बताया कि दोपहर करीब बारह बजे सभी



बच्चे घर के बाहर गली में खेल रहे थे। इस दौरान गली में एक घर के बाहर लगे कूलर के स्टैण्ड से बेटी रिहाना चिपक गई। उसमें करंट आ रहा था। उसे छुड़ाने के लिए अरमान व हुमेरा भी गए तो वे भी करंट की चपेट में आए। चीख-पुकार सुनकर परिजनों ने तीनों को छुड़ाया और चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां रिहाना का दम टूट गया। सूचना पर पहुंची उदेई मोड़ थाना पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

### कूलर से चिपकी महिला

काजी कॉलोनी में ही घर में पोछा लगाते हुए एक महिला कूलर में आ रहे करंट की चपेट में आ गई। महिला रचना पत्नी शिवकिशोर पटवा को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। महिला ने बताया कि वह घर में पौंछा लगाती हुई कूलर के नीचे पहुंच गई। इस दौरान उसके गले में पीछे की तरफ लटक रही सेफ्टी पिन कूलर से टच हो गई।

# डॉ. अंकित जैन को मिला बेस्ट सहायक प्रान्तपाल का अवार्ड

### रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के नाम हुए 12 अवार्ड

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा क्षेत्र की मुख्य स्वयंसेवी संस्था रोटरी क्लब मालपुरा सिटी को रोटरी प्रान्त 3050 के प्रान्तीय सम्मेलन में सेवा क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने पर 12 अवार्ड मिलने के अलावा क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में रोटरी क्लब के सहायक प्रान्तपाल का कार्य कर रहे युवा समाजसेवी डॉ. अकित जैन को बेस्ट सहायक प्रान्तपाल के अवार्ड से नवाजा गया है। रोटरी प्रान्त 3050 के प्रान्तीय सम्मेलन प्रान्तपाल की अध्यक्षता में प्रान्तीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में



रोटरी क्लब मालपुरा के अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन व सचिव सुनील जैन को बेस्ट अध्यक्ष व सचिव का अवार्ड मिला। इसके अलावा क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में सहायक प्रान्तपाल के पद का कार्य कर रहे युवा समाजसेवी, जिला आयोजना समिति सदस्य एवं नगरपालिका पार्षद डॉ. अकिंत जैन को बेस्ट सहायक प्रान्तपाल का अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। अवार्ड प्राप्त करने के बाद डॉ. जैन ने बताया कि क्लब के सभी साथियो के सहयोग से यह संभव हो पाया है। उनके लिए पद कोई मायने नहीं रखता। उनके मन में पीड़ित एवं जरूरतमंद की सेवा करने का जो जज्बा है वे पहले भी कायम था, अभी भी है और बाद में भी रहेगा।

पालिका सात व्यवसायिक भूखण्डो की ओर करेगी ई निलामी

# निलामी में भाग लेने के लिए 25 से 29 जून तक जमा होगा शुल्क

### एक मुश्त राशि जमा करवाने पर मिलेगी एक प्रतिशत छूट

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा द्वारा जयपुर रोड पर वन विभाग की नर्सरी के पास अतिक्रमण से मुक्त कराई भूमि पर सात व्यवसायिक भूखण्डो को ई निलामी के माध्यम से विक्रय करेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए पालिका के प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि पालिका के अधिशासी अधिकारी व उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशन में जयपुर रोड पर वन विभाग की नर्सरी के पास अतिक्रमण से मुक्त कराई भूमि पर सात व्यवसायिक भूखण्ड संख्या 8 से 14 प्रत्येक साईज 20 गुणा 40 कुल 88.88 वर्गगज को ई



निलामी प्रक्रिया से विक्रय किया जाएगा। जाट ने ई निलामी प्रक्रिया के लिए निर्धारित कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस निलामी प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक को 25 जून को सुबह 6 बजे से 29 जून तक सायंकाल 6 बजे तक 1 हजार रूपये भागीदारी शुल्क एवं 50 हजार रूपये अमानता राशि के रूप में ई-प्रक्रिया के जरिए पालिका खाते में जमा कराने होगें। ई निलामी बोली 30 जून को प्रातः 6 बजे से शुरू होगी जो 2 जुलाई को सायंकाल 6 बजे तक जारी करेगी। उन्होंने बताया कि मौके पर प्रत्येक व्यवसायिक भूखण्डो की 20 गुणा 40 वर्गफुट साईज के कुल 88.88 वर्गगज प्रति भूखण्ड हैं। वहीं इसके लिए पालिका की ओर से 25 हजार रूपये प्रति वर्गगज की न्यूनतम बोली निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इस बार जो भागीदार ई निलामी के माध्यम से व्चवसायिक भूखण्ड खरीदेगा यदि खरीददार खरीद की पूरी राशि एक साथ एक मुश्त जमा करवाता है उसे पालिका द्वारा एक प्रतिशत की छूट प्रदान कर शेष राशि जमा कर ली जाएगी।

# संकल्प से सिद्धिी कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यशाला आज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा के दूदू रोड स्थित होटल लखदातार में सोमवार 23 जून को दोपहर 2.30 बजे भाजपा की ओर से संकल्प से सिद्धिी कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रखा गया है। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत अमृत काल के 11 वर्ष की उपलब्धियो को लेकर संकल्प से सिद्धी कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन सोमवार को रखी गई है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार जैन होगें।

# लगातार तीसरी बार सुरेश टहला अध्यक्ष मनोनीत

### दूसरे कार्यकाल के महामंत्री के लिए हुआ पवन सुराशाही का चयन

बढ़ता राजस्थान





**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की मालपुरा शाखा के अध्यक्ष पद पर लगातार तीसरी बार सुरेश विजयवर्गीय टहला वाले व लगातार दूसरी बार महामंत्री पद के लिए पवन सुराशाही को मनोनीत किया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष रामजीलाल विजयवर्गीय खणूज वाले व जिला महामंत्री महेन्द्र दुसाद ने राजस्थान प्रदेश प्रभारी ध्रुवदास अगवाल व प्रदेशाध्यक्ष एम.के.गुप्ता तथा प्रदेश महामंत्री गोपाल गुप्ता, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सरोज बंसल की सहमति से अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन शाखा मालपुरा के अध्यक्ष पद पर लगातार तीसरी बार सुरेश विजयवर्गीय टहला वालो व लगातार दूसरी बार महासचिव पद के लिए पवन सुराशाही को मनोनीत किया गया है। साथ ही मालपुरा ब्लाक की नवीन कार्यकारिणी धोषणा करने के निर्देश प्रदान किए गए है।

# श्मशान घाट पर नहीं था टीनशेड, अब ग्रामीणों ने शुरू किया निर्माण

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. ) ।** कस्बे में स्टेट हाईवे 122 पर स्थित मोक्षधाम में अब बारिश में भी अंतिम संस्कार में परेशानी नहीं होगी। ग्रामीणों ने रविवार को भूमि पूजन कर टीनशेड निर्माण का काम शुरू करवा दिया है। इससे पहले यहां टीनशेड नहीं था। बारिश में दाह संस्कार करना मुश्किल होता था। एक दशक पहले बने इस सर्व समाज के श्मशान घाट का टीनशेड पहले ही साल तूफान में उड़ गया था। बाद में उसे हटा दिया गया। तब से अब तक श्मशान घाट बिना छत के ही पड़ा था। ग्रामवासियों ने कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को ज्ञापन देकर आरसीसी वाला नया श्मशान घाट बनाने की मांग की थी। ग्राम विकास अधिकारी ने जल्द एस्टीमेट बनाकर काम शुरू करने का आश्वासन भी दिया था। लेकिन पांच साल बीतने के बाद भी कोई काम नहीं हुआ। ग्राम पंचायत की कोरम में प्रस्ताव भी डलवाया गया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब ग्रामीणों ने खुद पहल की है। मिशन मोक्षधाम नाम से समूह बनाकर चंदा इकट्ठा किया। इसके जरिए चबूतरा और टीनशेड का निर्माण शुरू किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि आसपास के कई गांवों में या तो श्मशान घाट नहीं हैं, या वहां टीनशेड नहीं लगे हैं। कुछ गांवों में श्मशान घाट तक पक्की सड़क भी नहीं है। बारिश में अंतिम संस्कार करना परिजनों के लिए भारी पड़ता है। सरकार की पंच-परमेश्वर और मनरेगा जैसी योजनाओं के बावजूद जमीनी हालात अलग हैं। हर साल लाखों रुपये के कागजी काम होते हैं। लेकिन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से ये योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं। कई गांवों में आज भी



श्मशान घाट नहीं हैं। जहां हैं, वहां सुविधाएं नहीं हैं। नटवाड़ा के श्मशान घाट के पास बना पंचायत का सुविधा घर भी अधूरा और जर्जर हालत में पड़ा है। ग्रामीणों ने स्थायी समाधान की मांग की है।

# केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने रामगढ़ में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर किया शुभारंभ

### सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण कर प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचने के लिए कटिबद्ध- केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री

बढ़ता राजस्थान

जयपुर/अलवर (का.स.)। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने रविवार को रामगढ़ में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने चिकित्सा शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा आमजन को दी जा रहे चिकित्सकीय परामर्श, जांच एवं दवाइयों की निःशुल्क सुविधाओं के लिए उनकी सराहना की।

भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना में स्वस्थ एवं विकसित भारत सम्मिलित है। इसके लिए सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं एवं आधारभूत ढांचे का लगातार सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है, रामगढ़ क्षेत्र में भी लगातार चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सांसद संपर्क कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प टीबी मुक्त भारत के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का आह्वान किया जा रहा है। सरकार टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए संकल्पबद्ध है, इस हेतु टीबी की बीमारी से पीड़ित मरीजों को सरकार द्वारा निःशुल्क दवा के साथ-साथ एक हजार रुपए की नगद सहायता भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं में पात्रातानुसार लाभार्थी को योजनाओं की लाभांश राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से सीधे खाते में किया जा रहा है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हर व्यक्ति के कल्याण के लिए



प्रतिबद्ध हैं इसके तहत प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के शिविरों में आमजन को राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

इससे पहले केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री ने नौगांवा स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि फसल नवाचार, डेयरी विकास, मशीनीकरण और उद्यमिता के प्रयासों से किसानों के लिए उच्च आय, क्लाइमेट रेसाइलेंस और बाज़ार तक पहुँच जैसे दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित किए जा रहे है।

चिकित्सा शिविर में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने चिकित्सकों की टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपके द्वारा मानवता की सेवा का यह प्रसंशनीय कार्य किया जा रहा है। यह केवल चिकित्सा शिविर नहीं है बल्कि समाज की संवेदना का प्रतीक है जिस से हम एक दूसरे के दुख-सुख में साझेदार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य हमारे जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता है, चिकित्सा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है जिससे हर बीमारी का वैज्ञानिक तरीके से इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है। प्रधानमंत्री का सपना है हमारा भारत स्वस्थ एवं समृद्ध बने। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में 21 जून को योग दिवस पर राजस्थान में 1 करोड 27 लाख लोगों ने योगाभ्यास कर कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे स्वयं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बने तथा परिवार को भी जागरूक बनाएं, युवा स्वस्थ रहेंगे तो देश स्वस्थ बनेगा। उन्होंने युवाओं से अच्छे स्वास्थ्य के लिए नशे से दूर रहने, संतुलित आहार लेने, नियमित व्यायाम करने एवं समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच कराने की अपील की। इससे पहले उप मुख्यमंत्री ने श्री नृसिंह महाराज जी मन्दिर के पावन दर्शन कर समस्त प्रदेशवासियों के सुखमय एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

## केंद्र एवं राज्य सरकार पशुपालकों एवं किसानों के कल्याण हेतु प्रतिबद्ध - भूपेंद्र यादव

### केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री ने अलवर में राईका गौरव दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में की शिरकत,

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को अलवर में राईका समाज एवं श्री वीर हडमल जी राईका सेवा समिति अलवर द्वारा आयोजित राईका गौरव दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत कर शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभावान छात्रा-छात्राओं नगद राशि एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास के लिए प्रतिबद्ध है, इसी दिशा में कार्य करते हुए पशुपालक समाजों के उत्थान के लिए उनके मुख्यकार्य पशुपालन



एवं कृषि का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पशुपालन व डेयरी के क्षेत्रा में अनेक लाभकारी योजनाएं संचालित की जा रही है साथ ही अलवर में पशुपालकों व किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डेयरी के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीडीबी के साथ मिलकर महिला पशुपालकों को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा तथा नई घास के बीज लगाए जाएंगे, ताकि पशुपालकों को चारे की पर्याप्त उपलब्धता रहे।

उन्होंने कहा कि समाज की छात्रावास निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता की मांग एवं अन्य समस्याओं पर सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए इनका समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राईका समाज के बहुल्यता वाले छह गांवों जिनमें अकबरपुर, माचडी, माधोगढ़, तातारपुर, मौजपुर व राजगढ़ में ई-लाईब्रेरी निर्माण का कार्य जुलाई माह से प्रारंभ किया जाएगा, साथ ही अलवर शहर में सांसद निधि से चार भवन का निर्माण किया गया है एवं जाडोली में 10 लाख रुपए की लागत से भवन निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि इन सभी गांवों में राजीविका व कोऑपरेटिव से संबंधित कार्य भी कराए जाएंगे।


## श्रीकृष्ण यादव सेवा समिति की वार्षिक आमसभा का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अहीर का तिबारा, तहसील मालाखेड़ा, में रविवार को प्रात: 11.00 बजे श्री कृष्णा यादव सेवा समिति की वार्षिक आम सभा का भव्य आयोजन समिति मुख्यालय अहीर का तिबारा, तहसील मालाखेड़ा, जिला अलवर (राज) में किया गया। सभा की अध्यक्षता श्री बेनी प्रसाद यादव (सेवानिवृत्त तहसीलदार) ने की।

समिति प्रवक्ता योगेश यादव ने बताया की सभा की शुरुआत में समिति महामंत्री भगवान सहाय यादव द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात समाज के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में समिति की वार्षिक स्मारिका का विमोचन हुआ।

समिति प्रवक्ता योगेश यादव ने बताया की समिति महामंत्री भगवान सहाय यादव ने वर्षभर




की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का वार्षिक प्रतिवेदन सभा के समक्ष प्रस्तुत किया। वहीं कोषाध्यक्ष छोटेलाल यादव ने आय-व्यय विवरण सभा के सामने रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित किया।

समिति प्रवक्ता योगेश यादव ने बताया की चूँकि समिति कार्यकारिणी का कार्यकाल दिनांक 30 जून 2025 को समाप्त होने वाला था, अत: नए अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु चर्चा की गई। सर्वसम्मति से श्री बेनी प्रसाद यादव को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। चुनाव प्रक्रिया में समिति के कार्यक्षेत्र में आने वाले 125 गांवों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की और विचार-विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से विजय यादव (धावाला वाले) को नवीन अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया। चुनाव अधिकारी ने मौके पर ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय यादव को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सभा का संचालन देवीराम मास्टर ने किया।

इस अवसर पर समाज के अनेक जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। प्रमुख रूप से जितेंद्र सरपंच, राजेश सरपंच, शेदुरम सरपंच, बाबूलाल सरपंच, मुरारी सरपंच, रामचरण सरपंच, रामकरण यादव (छोटेलालपुर), भगवान सहाय यादव, रामेश्वर यादव, भागचंद यादव नवल किशोर यादव सहित समिति कार्यक्षेत्र के 125 गांवों के प्रतिनिधि एवं समाजजन उपस्थित रहे। कुल मिलाकर लगभग 2000 लोगों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

## जयपुर ग्रामीण सांसद ने की आपका सांसद आपके द्वार कार्यक्रम में जनसुनवाई

### नाबालिग बालिका के परिजनों ने सांसद से लगाई गुहार, नीमूचाना के जघन्य हत्या काण्ड के मुजरिमो को गिरफ्तार करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आए जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्रसिंह ने पंचायत समिति के सभागार में आपका सांसद आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई की। जिसमें बिजली, पानी, सड़क, सहकारिता, राजस्व, महिला एवं बालविकास, स्वास्थ्य सहित अनेक बिंदुओं पर आमजन की समस्याएं सुनी। सांसद राव राजेन्द्रसिंह ने अधिकारीयों की क्लास लेते हुए कहा कि अपने काम में जागरूकता लाते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें। पानी की गुणवत्ता को माँपे और आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा करें।

इस मौके पर डेढ़ माह से भगाकर लेजाई गईं नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने तथा आरोपी राकेश शर्मा को गिरफ्तार करने की मांग परिजनों ने रखी। जिस पर सांसद और विधायक ने जल्द बरामद करवाने का भरोसा दिया। वहीं सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने सहकारिता विभाग से सभी किसानों को जोड़ने सहित



सभी आवश्यक सुविधाएँ आधार कार्ड धारक तक पहुँचाने के लिए उपस्थित अधिकारीयों को निर्देश दिए। वहीं पनियाला से बड़ौदामेव एक्सप्रेस वे पर सर्विस लाईन व कट की मांग को लेकर संघर्ष समिति के सदस्य भाजपा नेता अंकुर दायमा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि सर्विस लाईन बनने से और कट बनने से दो विधानसभा क्षेत्र के किसानों सहित आमजन को लाभ मिलेगा। विधायक महोदय और सांसद महोदय यह सुनिश्चित करें कि केन्द्रीय सड़क मंत्री नितिन गडगरी से बात कर बतावें कि संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मण्डल आपसे मिलकर अपनी बात रखना चाहता है। इस मौके पर अनेक पीड़ितजनों ने अपनी शिकायत रखी। इस अवसर पर सांसद राव राजेन्द्रसिंह, विधायक देवीसिंह शेखावत, बानसूर उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित, तहसीलदार गजेन्द्रसिंह राठौड़, वृताधिकारी दशरथ सिंह चौहान, बानसूर थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह मलिक, विकास अधिकारी महेन्द्र सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे!वहीं सहकारिता विभाग सहित दो तीन विभागों के अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित रहे।

## आर्ट ऑफ लिविंग अलवर चैप्टर ने जेल में करावाया योगा



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** आर्ट ऑफ लिविंग, अलवर चैप्टर के तत्वाधान मे शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अलवर सेंट्रल जेल में पुरुष कैदियों को,योगाचार्य वरुण कक्कड़ और अलवर डी डी सी नवीन धामनी द्वारा योग अभ्यास करवाया गया, महिला कैदियों को वरिष्ठ अध्यापिका मंजू चौधरी द्वारा योग अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर जेल प्रशासन एवं जेलर रविन्द्र उपाध्याय जी ने भी योगाभ्यास किया, सभी प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया और जेल में श्रेष्ठ व्यवस्था की गई। इसके अलावा अलवर श्री श्री ज्ञान मंदिर, अम्बेडकर नगर आश्रम में वरिष्ठ अध्यापिका मनीषा देशप्रभु द्वारा योगा अभ्यास और मेडिटेशन करवाया गया, इस अवसर पर अलवर डी टी सी एवं मीडिया कॉर्डिनेटर एन एस भूटानी उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी। उप मीडिया प्रभारी संजय बांगा ने दी।

## गाँव के नौजवानों एवं बालकों ने किया श्रमदान

बढ़ता राजस्थान



बानसूर (धीरज मौर्य)। नगर पालिका क्षेत्र के नौजवानों और बालकों ने श्रमदान किया। उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र स्थित माजरा रावत के राजकीय विद्यालय में श्रमदान कर खेल मैदान बनाने का फैसला लिया है। उसके लिए ट्रेक्टर से साथ -साथ फावली और कुदाली की सहायता से दौड़ और खबड्डी मैदान तैयार करने की अभिलाषा पाल रखी है। जिससे क्षेत्र के नौजवान और बालक शिक्षा के साथ -साथ धावक और कबड्डी के अच्छे खिलाड़ी बन सकें और देश विदेश में क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें।

## पनियाला बड़ौदामेव एक्सप्रेस-वे पर बने सर्किल रोड़ और कट की मांग




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली बहरोड़ जिले की विधानसभा क्षेत्र बानसूर में स्थित पंचायत समिति के सभागार में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्रसिंह ने आपका सांसद आपके द्वार कार्यक्रम में जनसुनवाई की। इस मौके पर पहुँचे पनियाला बड़ौदामेव एक्सप्रेस -वे पर स्थित दो विधानसभा क्षेत्र के लोगों द्वारा गठित संघर्ष समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गुर्जर एवं भाजपा नेता अंकुर दायमा के नेतृत्व में अपनी मांग रख ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेता अंकुर दायमा ने अपना परिचय विधायक देवीसिंह शेखावत और सांसद राव राजेन्द्रसिंह को अवगत कराया कि आप क्षेत्र के किसानों और आमजन की सुविधा के लिए सर्विस लाईन और कट की मांग को लेकर गंभीर होंगे। दायमा ने कहा कि संघर्ष समिति के सदस्यों की मांग है कि आपके नेतृत्व में मिलकर केन्द्रीय सड़क मंत्री नितिन गडगरी से मिलकर दो विधानसभा क्षेत्र के लोगों की जनहित की बात रख सकें!इस मौके पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गुर्जर, भाजपा नेता एडवोकेट अंकुर दायमा, जिला पार्षद पूर्ण चंदेला, जीएसएस के अध्यक्ष और पूर्व सरपंच तथा नांगललाखा सरपंच प्रतिनिधि हरदान गुर्जर,पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं बुद्धिजीवी भैरूराम गुर्जर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## वन राज्यमंत्री संजय शर्मा की अनुशंसा पर अलवर के लिए 25 करोड़ रूपये राशि की शहरी जल प्रदाय योजना को मिली तकनीकी स्वीकृति

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा की अनुशंसा पर अलवर शहर में पेयजल समस्या के निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की नेतृत्व में बजट घोषणा वर्ष 2025-26 में घोषित शहरी पेयजल जलप्रदाय योजना हेतु 25 करोड़ की राशि की तकनीकी स्वीकृति आज जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जारी की दी गई है। उन्होंने बताया कि पेयजल योजना अंतर्गत स्वीकृत राशि से अलवर शहर में दो स्थानों लक्ष्मी नगर एवं स्कीम 4 में स्वच्छ भूतल जलाशय एवं शहर के पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्रों में आमजन को पानी उपलब्ध कराने हेतु स्कीम 4, शिवाजी पार्क, बस स्टैंड, बापू बाजार, गिराज दर्शन कॉलोनी, अंबेडकर नगर में उच्च जलाशय का निर्माण कराया जाएगा, साथ ही पानी उत्पादन हेतु 50 नए 3 फेज बोरिंग सूर्य नगर, विजय मंदिर रोड, रणजीत नगर, सुभाष नगर, राठ नगर, सिल्वर ऑक के पास जयपुर रोड, कटी घाटी, बुर्जा आदि क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उक्त राशि के अंतर्गत शहर के 35 किलोमीटर के एरिया में पाइपलाइन बिछाने एवं विभिन्न पंप हाउसों पर नई मशीनरी सेट बदलने का कार्य कराया जाएगा, शीघ्र ही जलदाय विभाग अलवर द्वारा उक्त स्वीकृत स्थलों पर जलाशयों के निर्माण एवं ट्यूबवेलों को लगाने, सहित स्वीकृत अन्य कार्यों हेतु निविदा संबन्धी कार्यवाई शुरू की जावेगी। पेयजल समस्या के निराकरण हेतु स्वीकृत राशि की तकनीकी स्वीकृति जारी करने पर वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री संजय शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

## अजमेर जिले के नसीराबाद उपखंड के निकटवर्ती ग्राम बनेवडा में बारिश में ग्रामीणों का जीना हुआ दुश्वार



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले की नसीराबाद उपखंड की ग्राम पंचायत बागसूरी के ग्राम बनेवडा में आंगनबाड़ी से तबद्वरा का रेला तक सड़क पूरी तरह खराब जिससे आमजन का निकलना दुश्वार हो रहा है। ग्रामीण लगातार 2 साल से लाल बरड़ा डलवाने की मांग ग्राम पंचायत प्रशासन से कर रहे हैं। लेकिन पंचायत प्रशासन इस और बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहा है। और कुंभकर्णी नींद में सो रहा है। ग्रामीणों ने 181 पोर्टल पर शिकायत भी की लेकिन उसका भी अभी कोई हल नहीं निकला। ग्रामीणों का कहना है कि 4 साल से लगातार ग्राम सभा में इस मांग को लिखवाते आ रहे हैं। लेकिन ग्राम विकास अधिकारी और सरपंच द्वारा अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का आरोप की सरपंच द्वारा इस गांव की पांच सालों में अपेक्षा ही की गई है। अभी अगर सुनवाई नहीं हुई तो बनेवड़ा के ग्रामीण नसीराबाद एसडीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना प्रदर्शन करेंगे जिसकी समस्त जवाबदारी प्रशासनिक अधिकारियों की होगी। साथ ही बनेवडा संघर्ष समिति ने बताया कि यह सड़क अजबा का बद्धढ़िया होते हुए अजमेर का सीधा रास्ता है, अगर इस पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बनेड़ा ग्राम वासी आज के पांचवें दिन नसीराबाद उपखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान ग्रामीण, नाथू गिरी, कैलाश रावत, सुगना, भागचंद लाल रावत, सुखदेव बारवाल, सहित ग्रामीण मौजूद रहे, और ग्राम पंचायत पर प्रशासन के विरुद्ध जबरदस्त आक्रोश उत्पन्न कर रहे है।

## सड़कों पर बन रही तालाब जैसी स्थिति, राहगीर हो रहे चोटिल, बच्चों, महिलाओं और वृद्ध जनों का निकलना हुआ मुश्किल

बढ़ता राजस्थान

**तिजारा ( नि.स. )।** कस्बे के फिरोजपुर मार्ग पर कृषि उपज मंडी के पास सड़कों पर तालाब जैसा पानी भरा हुआ है, यह पानी करीब तीन वर्षों से भरा हुआ है, जबकि राज्य सरकार द्वारा टोल नाके से लेकर अनाज मंडी तक सड़क निर्माण कार्य के लिए 26 करोड रुपए मंजूर भी हो गए हैं, लेकिन अभी तक यह सड़क निर्माण कार्य चालू नहीं किया गया है। पानी की निकासी नहीं होने के कारण अनाज मंडी के पास तालाब जैसा पानी भर गया है जिससे रोजाना लोग इस मार्ग से गुजरते समय चोटिल होते हैं, स्थानीय प्रशासन और यहां के जिम्मेदार नेताओं का ध्यान अभी तक इस ओर आकर्षित नहीं है, जबकि पास में ही दो सार्वजनिक शमशान घाट पड़ते है। मृतक व्यक्ति को अर्थी पर रखकर इसी पानी में से ले जाना पड़ता है, लोगों ने यहां के जिम्मेदार नेताओं से और प्रशासन से इस जल भराव पानी से निजात दिलाई जाने और सड़क निर्माण कार्य शीघ्र चालू किए जाने की मांग की है।

## जिला कलेक्टर ने ग्राम जैरोली में रात्रि चौपाल का किया आयोजन, सुने आमजन के 50 से अधिक परिवाद

### जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा( नि.स. )।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम पंचायत जैरोली में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आमजन की ओर से कुल 50 परिवाद प्राप्त हुए, जिन्हें जिला कलेक्टर ने मौके पर ही गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को सात दिवस में समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि अधिकारी किसी भी प्रकरण को लंबित न रखें, यदि कोई मामला उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है तो उच्चाधिकारियों से संपर्क कर समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही अधिकारियों को परिवादी से व्यक्तिगत संपर्क बनाकर एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार लाने के निर्देश भी दिए गए। रात्रि चौपाल में पेयजल संकट, भूमि विवाद, नामांतरण, चारागाह भूमि पर अतिक्रमण, अवैध निर्माण, पेंशन, चिकित्सा, शिक्षा, पट्टा एवं पुलिस कार्यवाही से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए, जिन पर जिला कलेक्टर ने तत्परता से संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि आम रास्तों पर अतिक्रमण, भूमि पैमाइश संबंधी आपसी विवाद तथा आवासीय क्षेत्रों में अतिक्रमण जैसे मामलों में पुलिस सहायता लेकर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उपखंड अधिकारी संजीव कुमार वर्मा, तहसीलदार कृष्ण सिंह यादव, नायब तहसीलदार रमेशचंद वर्मा, विकास अधिकारी रामदयाल, सरपंच ग्राम पंचायत जैरोली, समस्त ग्रामवासी एवं जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री चौधरी ने जैविक कृषि अनुसंधान केन्द्र का किया अवलोकन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कोटा जिले के जाखोड़ा में स्थित गोयल ग्रामीण विकास संस्थान के श्रीरामशांताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के परिसर में गो आधारित जैविक कृषि के अनुसंधान एवं विकास के लिए संचालित प्रयासों का अवलोकन रविवार को किया। यहाँ पर पहुंचने पर अनुसंधान केन्द्र से जुड़े किसानों ने माला पहना कर,हल की प्रतिकृति भेंट की और दुप्पटा पहना कर स्वागत सत्कार किया। उसके बाद अनुसंधान केन्द्र का अवलोकन किया, इस दौरान केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के साथ कृष्ण मुरारी,अखिल भारतीय बीज प्रमुख, भारतीय किसान संघ,ताराचन्द गोयल, निदेशक गोयल ग्रामीण विकास संस्थान कोटा रहे। संस्थान के मुख्य प्रबंधक पवन टाक ने बताया कि मंत्री जी को पूरे परिसर का अवलोकन करवाया गया, जिसमें यहाँ संचालित प्रमुख अनुसंधान कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी जैसे भूमि में लाभकारी जीवाणुओं के संवर्धन हेतु देशी गाय का ताजा गोबर संजीवनी के रूप में कारगर सिद्ध हुआ है। 75 किलोग्राम ताजा गोबर प्रति एकड़ में सिंचाई के साथ उपयोग जिस फसलों में हुआ, प्रत्यक्ष देखा एवं चर्चा की।इसी प्रकार खड़ी फसल में बढ़वार हेतु देशी गाय के गोमूत्र (1.5 लीटर) और चूना (जर्दा के साथ उपयोग होने वाली 2 ट्यूब) को 13.5 लीटर पानी में मिला कर तुरंत छिड़काव कर लाभकारी परिणाम के बारे में भी जानकारी दी गयी । अवलोकन के दौरान तीनों प्रयोग को एक साथ जोड़कर एक बीघा (1620 वर्ग मीटर) से एक परिवार के 5 सदस्यों हेतु तैयार पोषण वाटिका की जानकारी भी दी गयी जिसमे पाँच सदस्यों के लिए आवश्यक अनाज, तिलहन, दलहन, फल, सब्जी, औषधि और चारे फसल का उत्पादन, एक गाय के पालन पोषण से प्राप्त हो रहा है। परिसर के अनुसंधान एवं आधारभुत व्यवस्थाओ के अवलोकन के बाद केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी कृषक संवाद कार्यक्रम में भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। इस कार्यक्रम में संस्थान द्वारा विकसित गो आधारित कृषि पद्धति से कार्य करने वाले सफल कृषकों से संवाद भी किया। इस कार्यक्रम में इस विधि से खेती करने वाले किसानो से संवाद एवं अनुभव सुनकर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री चौधरी ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि ये देश की सबसे सरल विधियां है जो वैज्ञानिक रूप से, पोषक तत्व और जीवाणुओ की दृष्टि से अन्य विधियों की अपेक्षा सस्ती और अभिनव है। उक्त का जीवंत मॉड्यूल को भी देखा परखा गया। ये सब को देखकर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि यहाँ प्राचीन और गो आधारित जैविक खेती के साथ नवीन तकनीकी का अच्छा तालमेल है साथ ही प्रत्येक जगह वैज्ञानिक व्यवस्था है इसलिए ये देश के लिए जैविक कृषि का एक महत्वपूर्ण केंद्र है जहां किसान को बुवाई से बाजार तक के समाधान को ध्यान में रखा जा रहा है जो प्रेरणात्मक प्रयास है। कार्यक्रम के अंत में निर्मल गोयल, निदेशक गोयल प्रोटीन्स लिमिटेड कोटा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# भिनाय का प्रमुख मुख्य बस स्टैंड चौराहा अपनी क्षतिग्रस्त और दुर्दशाग्रस्त होकर अपने आंसू बहता हुआ

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड मुख्यालय भिनाय का प्रमुख मुख्य बस स्टैंड चौराहा अपनी क्षतिग्रस्त व दुर्दशाग्रस्त स्थिति से वर्तमान हालात में दुर्घटना जोन बन गया है। रविवार को बस स्टैंड स्थित चौराहे के खड्डे में एक चार पहिया वाहन पिक खड्डों में फस गया। जिसे बड़ी मुश्किल से एक ट्रैक्टर ट्राली से धक्का लगवा कर खड्डे से बाहर निकाल। वहीं दिन भर दुपहिया वाहन सवार इन खड्डों में गिर कर चोटिल होते रहे। ग्रामीणों द्वारा कई बार पंचायत प्रशासन व सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शिकायत के बावजूद समस्या का कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। ज्ञातव्य रहे कि अजमेर जिले का ओर देश दुनिया में प्रसिद्ध बगड़ावत देवनारायण महागाथा सम्बंधित प्राचीन ओर ऐतिहासिक धरोहरों युक्त समृद्ध इतिहास समेटे हुए भिनाय उपखंड मुख्यालय पर स्थित ठिकाने एवं राज परिवार के समय पर निर्मित कस्बे के प्रमुख मुख्य व विशाल भव्य प्रवेश द्वार के सम्मुख चौराहे यानि चार दिशाओं की ओर भिन्न भिन्न गंतव्य स्थानो की ओर जाने वाले इस केन्द्र बिन्दु भिनाय चौराहे की पीड़ा, क्षतिग्रस्त, दुर्दशाग्रस्त,बदतर से बद्तर हालातों की मूक व्यथा जग जाहिर है। इस चौराहे पर कस्बे का प्रमुख मुख्य निकासी मार्ग प्रवेश द्वार होने सहित ब्यावर - केकड़ी सड़क मार्ग मय बिजयनगर सड़क मार्ग की ओर से यहां दिन रात राहगीरों,टू व्हीलर्स, फ़ोर व्हीलर्स व इससे भी अधिक बड़े भारी वाहनों की निरंतर आवाजाही बनें रहने के कारण पूर्व में निर्मित गुणवत्ता विहिन सीमेंटेड सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी। यहां उल्लेखनीय है कि कस्बे के इस प्रमुख मुख्य चौराहे पर रोजाना अक्सर जाम लगने के हालात भी बन रहें हैं। यहां बेतरतीब टू व्हीलर्स व फ़ोर व्हीलर्स मनमाने ढंग से अस्त व्यस्त स्थिति में खड़े कर दिए जाते हैं। चूंकि, यहां प्रशासनिक अंकुश, कंट्रोल व मानिटरिंग नहीं होने से यहां अक्सर स्वच्छंदता का माहौल देखा जाता है। स्थानीय निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को तो उक्त जनहित सम्बंधित मैटर को लेकर फिलहाल कोई सरोकार ही नहीं है। साथ ही उपखंड मुख्यालय पर स्थित स्थापित सरकारी कार्यालयो व विभागों में नियुक्त अधिकारीगण,जो अक्सर इस बदतर चौराहे से सरकारी कार्य वश सरकारी फोर व्हीलर्स में आवाजाही करते हैं। इनको भी स्थानीय प्रशासन पर अविलम्ब दबाव बनाकर मय सख्त निर्देश देकर दुर्घटना जोन बनते जा रहे भिनाय चौराहे के बदतर हालातो को सुधारने में अपना योगदान देकर अपनी कर्तव्यनिष्ठा, कर्मठता व सजगता का परिचय देना चाहिए।

# हरियाली के नाम पर लगाये हजारों पौधे बेपरवाही मे जमीदोज

**एनएच-52 के दोनों और सड़क के साइट किनारे पर टूटे पड़े हरे रंग के ट्री गार्ड**

बढ़ता राजस्थान



**कोटा/रामगंजमंडी (नि.स.)।** रामगंजमंडी क्षेत्र के मोड़क के समीप से गुजर रहे एनएच-52 फोरलेन को बने और चालू हुए करीब चार साल से ज्यादा हो गए हैं। अमझार से तीनधार तक के इस हिस्से में हरियाली के नाम पर एनएच-52 के सड़क के दोनों और साइट किनारे पर लगे टूटे हुए हरे रंग के ट्री गार्ड को सड़क के दोनों ओर छायादार पेड़ के साथ में लगाया गया था। लेकिन कुछ दिन पहले चली तेज आँधी तूफ़ान के कारण नेशनल हाइवे के साइट किनारे पर ट्री गार्ड भी क्षतिग्रस्त हो गए थे। लेकिन जिम्मेदारों ने आड़े टेढ़े ट्री गार्ड पर अभी तक ध्यान नहीं दिया। जिम्मेदारों पौधे लगाकर अपनी इति श्री कर गये। अब ध्यान नहीं होने के कारण हरियाली के नाम पर सिर्फ हरे रंग के आधे अधूरे ट्री गार्ड ही नजर आ रहे है ट्री गार्ड के टूटने और जमींन पर गिरने से पौधों को जानवर भी खा रहे है। आमतौर पर हाईवे के दोनों ओर किनारे पर रंग-बिरंगे फूल और हरे-भरे पौधे लगाए जाते हैं। इससे सफर कर रहे लोगों को राहत मिलती है, लेकिन इस फोरलेन पर ऐसा कोई नजारा नहीं दिखता। एनएचएआई ने हाइवे बनने के बाद कई बार हजारों पौधे लगाने की बात कही। पर्यावरण, हरियाली और शुद्ध हवा जैसे मुद्दों पर बड़े-बड़े दावे किए, लेकिन इन दावे की सच्चाई भयावह है। जिम्मेदारी निभाने में एनएचएआई पूरी तरह फेल हो रही है सड़क के दोनों ओर भी छायादार पेड़ लगाए गए थे। लेकिन ज़्यादातर पौधे चल ही नहीं पाये। जो चले वो भी लापरवाही की भेंट चढ़ गए।

### मेटिनेंस कंपनी पर कामचोरी का आरोप

**एनएचएआई ने मेटिनेंस की जिम्मेदारी एक कंपनी को दी है। यह कंपनी सिर्फ खानापूर्ति करती है। स्थानीय लोग बताते हैं कि यहाँ मरम्मत, सफाई और रखरखाव का कोई काम नजर नहीं आता।**

### इनका कहना

मामले की जानकारी कर एनएचएआई के अधिकारियों से बात कर व्यवस्था में सुधार करेंगे।

**एसडीएम नीता बसीय**

# केकड़ी मे बैरवा छात्रावास निर्माण समिति की बैठक सम्पन्न हुई



**पूर्व में भामाशाहो द्वारा बोली गई विकास राशि एकत्रित करने एवं निष्क्रिय पदाधिकारियों एवं सदस्यों को रिप्लेस करने पर रहा फोकस**

**प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन को लेकर हुवा मंथन**

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के केकड़ी मैं बैरवा छात्रावास निर्माण समिति की आवश्यक बैठक दिनांक 22 जून रविवार को केकड़ी मै बैरवा छात्रवास की आवंटन भूमि पर आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष श्यामलाल बैरवा ने बताया की बैठक में छात्रावास की भूमि पूजन पर भामाशाहओ द्वारा की गई घोषणा की राशि को एकत्रित करने चर्चा की गई। इस दौरान छात्रावास विकास हेतु गाँवो से चंदा राशि एकत्रित करने पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर बैठक मे समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों जो लगातार तीन मीटिंग मे उपस्थित नहीं होने पर उनकी जगह सक्रिय समाज बन्धुओ को शामिल करने पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बैठक मे समिति द्वारा केकड़ी ब्लॉक स्तर पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने पर विशेष चर्चा हुई । आयोजित बैठक मे अन्य कई बिन्दुओ पर भी विचार विमर्श किया गया। समिति की आगामी बैठक 6 जुलाई रविवार 2025को आयोजित की जाएगी। जिसमे सभी पदाधिकारियों को आना अतिआवश्यक रहेगा। बैठक में महामंत्री बद्री लाल बैरवा, वरिष्ठ समाज सेवी जगदीश प्रसाद, अर्जुन बैरवा, महावीर बैरवा सरसड़ी,रामावतार बैरवा, घिसा लाल बैरवा दयालपुरा, बैजनाथ बैरवा शंभूनगर, घीसा लाल बैरवा भीमड़ावास, काना राम बैरवा, काबरिया, रामप्रसाद बैरवा, सीताराम बैरवा राजपुरा , हंसराज बैरवा कुहाड़ा, घीसा लाल बैरवा जसवंतपुरा, शंकर लाख बैरवा मौलकिया, सुरेश बैरवा मौलकिया, शैतान बैरवा रामपाली, तरुण बैरवा,सहित छात्रावास कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं बैरवा महासभा के पदाधिकारी, एवं समाज के विरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाज के वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

# गुरू सुंदर सागर-शिष्य प्रज्ञान सागर का मिलन बना याददगार

## मिलन के इस क्षण को देखने उमड़ा जैन समाज

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** कस्बे में सवेरे महान तपस्वी राष्ट्रीय संत आचार्य सुंदर सागर महाराज संघ एंव जैन मुनि प्रज्ञान सागर महाराज का युगल मिलन बड़े तालाब के पास हुआ। संपूर्ण जैन समाज ने राष्ट्रीय संत के अगवानी आत्मियता से की। मुनि के सानिध्य में बैंड बाजे एंव महिला मंडल युवाओं के जय जयकार के साथ आर्चाय की भव्य अगवानी की। यहां से गाजे-बाजे के साथ जुलूस के रूप में लोहड़ी चोहटी होते हुए अग्रवाल दिगंबर जैन मंदिर तक लेकर आये। जहां महिला मडंल की महिलाओ ने स्वागत किया गया। इसके बाद बड़े जैन अग्रवाल मंदिर परिसर में धर्म सभा का आयोजन किया गया। धर्म सभा में भीलवाड़ा निवासी सुमति पाटनी अभिषेक द्वारा भगवान महावीर के चित्र पर दीप प्रज्जवलित किया गया। पाद पक्षालन रमेश कुमार, ललित कुमार, मुकेश बंटी जैन मित्तल परिवार द्वारा किया। पारस कुमार हितेश कुमार जैन बरमुंडा परिवार द्वारा शास्त्र भेट किया गया। पिंकी जैन द्वारा मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई।

### शिष्य से मिलने जगी अभिलाष, तो पहुँच गये नैनवां

राष्ट्र संत आचार्य सुंदर सागर महाराज धर्म सभा में अपने प्रवचनो के दौरान कहा कि हमारे गुरु आचार्य तपस्वी समाधि सम्राट सन्मति सागर महाराज 1992 में नैनवा आए थे। वर्षो बाद उनके शिष्य प्रज्ञान सागर नैनवां में वर्षा योग कर रहे है। उनके मन में शिष्य से मिलने की तीव्र अभिलाषा हुई। उन्होने विहार के दौरान नैनवां का चयन किया ओर शिष्य से मिलन हो गया। उन्होने कहा कि आत्मा सुक्ष्म होती है,शरीर की तरह मोटी पतली नहीं होती। जहां जहां साधु का आगमन होता है,वहां धर्म के संस्कारो का बीजारोपण हो जाता है। बालक मिट्टी की तरह होते है। मिट्टी को मन चाह आकार दिया जा सकता है। ठीक इसी प्रकार बचपन में दिये गये संस्कार से ही बच्चा जीवन भर संस्कारी बन जाता है। ऐसे संस्कारी बच्चे ही माता-पिता बीमार होने पर चिकित्सा सेवा करेंगे उन्हें तीर्थ वंदना करायगे। उन्होने कहा कि जिस प्रकार कुए का पानी न निकलने पर पानी अशुद्ध बुदबुदार हो जाता है। वह पानी पीने लायक नहीं रहता है। ठीक उसी प्रकार अपनी चंचल लक्ष्मी का धर्म में उपयोग करें जिससे धन की बढ़ोतरी होगी घटोत्री नहीं। वर्षा योग समिति प्रचार मंत्री महावीर सरावगी ने बताया कि राष्ट्रीय संत आचार्य सुंदर सागर महाराज संघ के मंगल प्रवेश के दौरान नैनवां एंव ग्रामीण क्षेत्र के अलावा बड़े शहरो से भी संत के भक्त दर्शन के लिए पहुँचे।



# गायत्री विहार कॉलोनी में आईटी की घोर लापरवाही से बना हादसो का अंदेशा

## सीवरेज के खुदे रोड और गड्ढे शीघ्र भरे लोगो की सुविधा का रखे ध्यान नहीं तो होगा प्रदर्शन : पवन मीना

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद कुमार गौड़)।** रायपुरा क्षेत्र स्थित गायत्री विहार कॉलोनी में आईटी की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। शनिवार रात 21 जून को लगभग 11.30 बजे, कॉलोनी के निवासी धनराज मीणा की कार गहरे सीवरेज गड्ढे में धँस गई। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई, वरना यह हादसा और भी जानलेवा हो सकता था। कोटा उप महापौर पवन मीना नगर निगम कोटा दक्षिण ने मीडिया को जारी प्रेस नोट मे इस लापरवाही की कड़ी निंदा करते हुए ढ्ढज्ञ से मांग की है कि तत्काल कॉलोनी की सड़कों का निर्माण कराया जाए। साथ ही चेताया है कि यदि शीघ्र कार्य शुरू नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी के पार्षद और स्थानीय नागरिक विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। कुछ समय पूर्व आईटी द्वारा कॉलोनी में सीवरेज लाइन डाली गई थी, परंतु कार्य पूर्ण होने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। इसके कारण जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और सड़कें कीचड़ में तब्दील हो चुकी हैं। कार चालक धनराज मीणा ने बताया कि मैं रात को जब घर लौट रहा था, तभी अचानक गाड़ी का अगला हिस्सा सड़क में धँस गया। सड़क की हालत इतनी खराब है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों ने ढ्ढज्ञ पर आरोप लगाया कि वह केवल पाइप डालकर चले गए, लेकिन सड़क निर्माण करना भूल गए। अब आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# कोटा स्टोन स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**7 सितंबर की को होंगे नई कार्यकारिणी के चुनाव**



बढ़ता राजस्थान

**कोटा/रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** रामगंजमंडी कोटा स्टोन स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की बैठक आज अपराह 2 बजे बाद आयोजित की गई इस बैठक में संरक्षक हुकुम बापना और यतीश अग्रवाल और अध्यक्ष प्रहलाद बैंसला के साथ उपाध्यक्ष दिनेश डपकरा और गोपाल गर्ग, सचिव अकलेश मेडतवाल कोषाध्यक्ष लोकेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप मीणा, राजैन्द्र खण्डेलवाल, नीरज शर्मा ,नीरज झंडियां, भैरोसिंह शक्तावत, द्धारकालाल धाकड़, जगजीत सिंह सलुजा, धीरज पोरवाल, आशीष पोरवाल बैठक में उपस्थित रहे, तय ऐजेन्डे के अनुसार बैठक में नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए 7 सितंबर की तारीख तय की गई इस बात की जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष गोपाल गर्ग ने दी।

# वैष्णव समाज की तीन दिवसीय प्रीमियर लीग

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के केकड़ी मैं वैष्णव युवा संगठन परिक्षेत्र केकड़ी के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय वैष्णव प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन यमुना विहार गार्डन, केकड़ी में हुआ। आयोजन का शुभारंभ 20 जून को वैष्णव छात्रावास परिसर में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सीताराम वैष्णव रहे। उद्घाटन अवसर पर आयोजन समिति तथा समाजबंधुओं की उपस्थिति में टूर्नामेंट का औपचारिक शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में वैष्णव समाज के परिक्षेत्र केकड़ी के 105 खिलाड़ियों की कुल 8 टीमों ने भाग लिया। तीन दिनों तक चले टूर्नामेंट में कुल 15 मुकाबले खेले गए, जिनमें दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच शामिल था। फाइनल मुकाबला वैष्णव पैंथर और वैष्णव भक्त टीम के बीच खेला गया। पैंथर टीम के ओनर गोविंद वैष्णव और कप्तान धर्मराज वैष्णव डाबर रहे, जबकि भक्त टीम के ओनर उत्तम वैष्णव (ताजपुरा) थे। फाइनल मैच में वैष्णव पैंथर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीत लिया और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वैष्णव भक्त टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को 11,000 नकद राशि और ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 5,100 नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई। साथ ही मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर और मैन ऑफ द मैच सहित सभी व्यक्तिगत पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन 22 जून को हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि श्याम सुंदर वैष्णव (अध्यक्ष, महासभा अजमेर) रहे। इस अवसर पर विष्णु शोभावत, सुभाष खोड़ा गणेश, सत्यप्रकाश तबीजी, ओमप्रकाश जी, बनवारी जी, कौशल्या वैष्णव (हरिद्वार) विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पदम वैष्णव (कोटा) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत भूषण बैरागी, हरिओम बैरागी, राधेश्याम जी, महेंद्र (कोटा) तथा वैष्णव महासभा के ओमप्रकाश , बजरंग , बीरदी चंद , गोपाल वैष्णव (रणजीतपुरा), कैलाश वैष्णव, महावीर वैष्णव (तस्वारिया) की उपस्थिति रही।

# बारिश के दौरान सतर्क एवं सुरक्षित रहें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी ने जिले में भारी बारिश को देखते हुए आमजन से सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की है। डॉ. गोस्वामी ने उफनते हुए नालों एवं नदी के तेज बहाव क्षेत्र में नहीं जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारी बारिश को देखते हुए बांध के डूब क्षेत्र, नदियों के बहाव क्षेत्र एवं बरसाती नालों से दूर रहें। अंडरपास एवं पानी इकट्ठा होने वाले जगह पर वाहन नहीं चलाएं। तेज बहाव की स्थिति में सड़क एवं पुलिया पार करने की कोशिश नहीं करें। डॉ. गोस्वामी ने बारिश में बिजली की लाईनों, तारों एवं ट्रांसफार्मर से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाढ़ एवं जल भराव की स्थिति में निचले क्षेत्रों के लोग सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। उफनते हुए नालों एवं नदी के तेज बहाव वाले क्षेत्र में नहीं जाएं। उन्होंने भारी बारिश के दौरान आपदा प्रबंधन की गाइड लाइन की पालना करने तथा किसी भी आपदा की स्थिति में जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष पर 0744-2325342 एवं 0744-2323557 नंबरों पर संपर्क करने की अपील की।

# बिजली, पानी, फैकल्टी सुविधा नहीं होने से नाराज मेडिकल छात्रों का कॉलेज के सामने विरोध-प्रदर्शन

## कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ फूटा गुस्सा, जमकर की नारेबाजी, कलेक्टर-एसपी ने मौके पर समझाइश : जल्द सुविधाएं पूरी कराने का दिया आश्वासन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने बिजली, पानी एवं फैकल्टी की मांग को लेकर मेडिकल कॉलेज के गेट के सामने खड़े होकर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी रजनीश प्रजापति ने बताया कि कॉलेज में बीते 3 साल से समस्याओं का अंबार लगा हुआ है।

जिसमें प्रमुख समस्या बिजली, पानी व अन्य समस्याएं है। जब भी परीक्षाएं आती है, तब कैंपस में बिजली चली जाती है। स्वच्छ पानी का कोई इंतजाम नही है।

कॉलेज प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। छात्रा सेजल ने बताया कि गर्ल्स हॉस्टल में कई दिन से पानी नहीं आ रहा हैं। पहले कैंपस के प्रथम तल पर पानी की सप्लाई थी, अब वो भी नहीं मिल रही है। इसके अलावा बिजली के चले जाने पर जनरेटर शुरू किए जाते है, लेकिन उनसे सिर्फ कॉरिडोर की बिजली आती है। सुबह प्रोफेसर ने आकर जनरेटर शुरू कराया था लेकिन जैसे ही प्रोफेसर की कार गेट से बाहर निकली तो कॉलेज प्रशासन ने जनरेटर को बंद कर दिया। कॉलेज में किसी भी विषय के लिए फैकल्टी नहीं है।

छात्र जतिन चौधरी ने बताया कि सात दिन से कॉलेज कैंपस में बिजली नहीं आ रही है। हमारे पास पीने के लिए पानी उपलब्ध नहीं है। पेयजल सप्लाई के लिए बनी पानी की टंकी छोटी है। उनमें ढक्कन नहीं लगे है, जिसमें बंदर नहाते हैं। बीते 3 से 4 साल से कॉलेज में यही समस्याएं बनी चली आ रही है। कॉलेज में कोई भी लैब नहीं बनी हुई है। किसी भी विषय की फैकल्टी उपलब्ध नहीं है। जिला कलेक्टर से लेकर मंत्री तक को मेडिकल कॉलेज के हालातों से रूबरू कराया गया था। लेकिन इसके बावजूद मेडिकल कॉलेज के हालातों में बदलाव नहीं हुआ। प्रदर्शनकारियों ने कॉलेज के गेट पर ताला लगा दिया। कलेक्टर श्रीनिधि बी टी एवं एसपी सुमित मेहरड़ा मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्रों की समस्या को सुना और समझाइश की।



### इनका कहना-

यह बात सही है कि छात्रों के कमरों में बिजली कनेक्शन नही है। हमने इसके लिए मुख्यालय को पत्र भी लिखा है। मंगलवार को टीम आ रही है, बिजली संबंधित समस्या खत्म करा दी जाएगी, कॉलेज मूलभूत सुविधाओं

के लिए प्राकृतिक स्त्रोतों पर निर्भर है। अगर कॉलेज में बोरिंग की व्यवस्था हो जाए तो समस्या का निराकरण हो सकता है। हम छात्रों के साथ है, उनकी जो भी समस्या है। जल्द से जल्द खत्म कराई जाएगी।

# रेलमगरा के उपखण्डस्तारीय कार्यक्रम के तहत स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में योगाभ्यास का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर रेलमगरा के उपखण्डस्तारीय कार्यक्रम के तहत स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपखंड स्तरीय अधिकारी जनप्रतिनिधि सरकारी कर्मचारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत और वैश्विक स्वास्थ्य को जोड़ना है। एव युवा ऊर्जा व रचनात्मकता को योग में लाने का एक प्रयास है। योग दिवस पर रेलमगरा नायब तहसीलदार ,पंचायतो के सरपंच ,पुलिस थानाधिकारी साहित पूलिस के जवान, जनप्रतिनिधि, एव महिलाअधिकारिता विभाग, शिशु एव मातृ सेवा संस्थान द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एव सलाह केन्द्र परामर्षदाता भी योग दिवस में सम्मिलित हुए। संस्थान की रीना शर्मा ने बताया कि इस अनूठे आयोजन को लेकर संगठन के सदस्यों द्वारा सभी तैयारियां एक दिन पूर्व ही पूर्ण कर ली गई थी और योग दिवस के दिन कार्यकर्ताओं और सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। केंद्र सरकार के निर्देश पर आयोजित किए गए इस कार्यक्रम सी सिर्फ शरीर बल्कि मन भी स्वस्थ होता है लेकिन जरूरत है। इसे केवल एक दिन ही नहीं मनाया जाए बल्कि प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा अपने शरीर के लिए निकाला जाए क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।



# कई झांकियों के साथ निकली परशुराम शोभायात्रा, सांस्कृतिक गौरव को दर्शाया



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** शनिवार को भगवान परशुराम जयंती की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसमें कई झांकियां शामिल थीं, जिसमें सांस्कृतिक गौरव की झलकियां देखने को मिली। यात्रा को पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नीरजा अशोक शर्मा, कुलदीप दीक्षित, आगरा एसओजी प्रभारी शांति स्वरूप रावत, एडिशनल एसपी मनोज शर्मा रहे।इस मौके पर कलराज मिश्र ने कहा कि परशुराम भगवान विष्णु के अवतार थे। पृथ्वी पर दुराचारी एवं राक्षसों का अंत करने के लिए उनका अवतार हुआ था। उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा बुराई और कुरीतियों को छोड़कर समाज की मुख्य धारा से जुड़े। बेटे और बेटियों को शिक्षा से कभी वंचित नहीं रखें। किसी भी समाज का सर्वागीण विकास शिक्षा से ही संभव है। पुलिस अधीक्षक, जिला कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और शोभायात्रा को विधिवत रवाना किया। शोभायात्रा में भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर आधारित झांकियों के साथ-साथ भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, भगवान विष्णु, हनुमानजी सहित विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों और युवाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए धार्मिक एवं लोक सांस्कृतिक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों, ढोल-नगाड़ों और भजन मंडलियों की मधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा का नागरिकों ने जगह-जगह ठंडाई, शरबत, जलपान आदि वितरित कर और फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा के स्वागत में कई स्थानों पर तोरणद्वार लगाए गए थे, जिससे माहौल पूरी तरह धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव में परिवर्तित हो गया। शोभायात्रा का समापन देर रात्रि को हुआ। मंदिर में आरती, भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण हुआ। सर्किट हाउस में ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों किशन चंद शर्मा, नीरजा अशोक शर्मा, कुलदीप दीक्षित, शांति स्वरूप रावत, एडिशनल एसपी मनोज शर्मा, पीसी बोहरा, मुकेश शर्मा, मुकेश हनुमानपुरा, राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ब्यावर में भावनाओं और संस्कारों से ओतप्रोत सम्मान समारोह संपन्न

## विद्यार्थियों ने गुरुजनों को किया नमन, भावुक विदाई में गूंजे संस्कारों के स्वर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (विष्णु दत्त धीमान)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), ब्यावर में शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह भावनाओं, गुरु-शिष्य परंपरा और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से ओतप्रोत रहा। द्विवर्षीय कोर्स पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं के लिए यह केवल एक विदाई समारोह नहीं रहा, बल्कि एक ऐसी स्मृति बन गया जिसमें श्रद्धा, सम्मान और आत्मीयता की गूंज सुनाई दी।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्रा डिंपल आनंद के भावुक उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने कहा संस्थान के शिक्षकों ने हमें न केवल तकनीकी दक्षता दी, बल्कि जीवन के हर मोड़ पर नैतिकता और आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया। हम जो भी बनेंगे, उसमें हमारे गुरुजनों की अमिट छाप रहेगी।




विदाई के इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों को पारंपरिक साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर एवं चरण स्पर्श कर सम्मान अर्पित किया। यह दृश्य दर्शकों की आंखों को नम और वातावरण को संस्कारित कर गया।

संस्थान के सहायक निदेशक श्री वनफूल जाट एवं समूह अनुदेशक श्री तुलसा राम चौधरी ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा—

विदाई केवल भौतिक दूरी है, लेकिन ज्ञान, स्नेह और मार्गदर्शन का संबंध जीवनभर बना रहता है। आप सभी अपने आचरण और कार्य से संस्थान की गरिमा को आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर महेश चंद्र पंचोली, वीरेंद्र सिंह, राकेश सिंह, अरविंद, नगेंद्र, हीतेश, सुरेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह राठौड़, मुरली मनोहर शर्मा, योगेश, विनय शर्मा, तुलसीराम, प्यारू सिंह चौहान, बिमला पंवार, एकता और मुकेश जैसे अनुभवी शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में जब विद्यार्थियों ने गुरुजनों के चरणों में झुककर आशीर्वाद लिया, तब वातावरण भावुकता और आत्मिक ऊर्जा से भर गया।

शिक्षकों की आंखों में अपने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना थी, तो विद्यार्थियों की आंखों में अपने सपनों की उड़ान।

जब विद्या और संस्कार एक साथ चलते हैं, तभी पूर्ण शिक्षा का स्वरूप सामने आता है। इस आयोजन ने एक बार फिर सिद्ध किया कि गुरु और शिष्य का संबंध युगों-युगों तक प्रेरणा देने वाला होता है।

# राजसमंद में बारिश के बाद मौसम हुआ सुहावनाः 26 डिग्री पहुंचा तापमान, भीषण गर्मी से मिली राहत

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद में शनिवार को दिनभर रुक-रुक कर बारिश का दौर चला, उसके बाद रविवार को मौसम सुहाना हो गया और भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है। रविवार को सुबह 8 बजे का तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया।राजसमंद में लगातार तापमान कम होने का क्रम जारी है। शनिवार सुबह से रुक-रुक कर बारिश का दौर चला, जिसके बाद दिन भर गर्मी से राहत रही। वही बारिश के बाद रविवार सुबह मौसम सुहावना हुआ व आसमान में सुबह से बादल छाए हुए है। आज सुबह 8 बजे का तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। जिसके बाद लोगों को गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली है।राजसमंद में हालांकि बारिश की गति बहुत ही धीमी थी, जिससे जनजीवन पर कोई खास असर नहीं पड़ा। दोपहिया वाहनों की आवाजाही भी देखी गई। वही सड़क मार्ग भी कही अवरूद्ध नहीं हुए जिससे आवाजाही बाधित नहीं हुई। रिमझिम बारिश के कारण मौसम सुहाना हुआ और तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया।वही रविवार का अधिकतम तापमान भी 29 डिग्री के करीब रहने की संभावना है। वही दोपहर 2 बजे के बाद बारिश के आसार जताए जा रहे है।



# श्रीयादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक रहे दौरे पर

## श्रीयादे माटी कला बोर्ड द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राज्य सरकार के श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक के राजसमंद दौरे के दौरान प्रजापत धर्मशाला, कांकरोली में माटी कला जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों—राजसमंद, नाथद्वारा, कुम्भलगढ़ एवं भीम—से बड़ी संख्या में माटी कला से जुड़े कामगारों ने भाग लिया।

शिविर के दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 10-10 माटी कला कामगारों का चयन प्राथमिकता एवं लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। कुल 40 चयनित कामगारों को आगामी दिनों में 20-20 के समूह में दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविरों में शामिल किया जाएगा। प्रशिक्षण में बर्तन निर्माण के साथ-साथ खिलौने, कलाकृतियाँ, टेराकोटा मुखौटे व मूर्ति निर्माण की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।




प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, माटी कला कामगारों को उनकी आजीविका संवर्धन हेतु एक-एक मिट्टी गूंथने की मशीन एवं विद्युत चालित चाक निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।कार्यक्रम की शुरुआत मां श्रीयादे के चरणों में पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ की गई। कामगारों का चयन माटी कला बोर्ड के सीईओ डॉ. राहुल राज एवं शिविर संचालक श्री मुकेश कुमार द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया से किया गया।श्री टाक ने जानकारी दी कि इसी प्रकार के जागरूकता शिविर प्रदेश के प्रत्येक जिले में आयोजित किए जाएंगे। बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राज्यभर में 2000 मिट्टी गूंथने की मशीनें एवं 2000 विद्युत चालित चाक वितरित किए जाएंगे, जिससे माटी कला उद्योग को नई गति और पहचान मिलेगी।

### प्रभु श्रीनाथ जी के किए दर्शन

श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक ने प्रभु श्रीनाथजी के मंगला दर्शन किए। साथ ही विश्वास स्वरूपम का भ्रमण भी किया। इस दौरान उन्होंने कई लोगों से मुलाकात की।

# एक पूर्ण गुरु के माध्यम से ही आत्मा और परमात्मा का मिलान संभव हो पता है- साध्वी मेरुदेवा भारती जी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 16 जून से 22 जून, 2025 तक दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक गंज दरवाजे के सामने, अग्रवाल धर्मशाला, बाड़ी, धौलपुर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी (संस्थापक एवं संचालक, डीजेजेएस) की शिष्या भागवताचार्या महामनस्विनी साध्वी मेरुदेवा भारती जी ने सप्तम दिवस में भगवान् श्री कृष्ण जी व रुकमणी जी के विवाह प्रसंग को भक्तों के समक्ष रखते हुए कहा कि यहाँ भगवान् श्री कृष्ण साक्षात् परमात्मा हैं और रुकमणी जी एक आत्मा का प्रतीक हैं जो भगवान् की प्राप्ति करना चाहती हैं परन्तु उनका मिलन तभी संभव हो पाया था जब एक पंडित जी उनके जीवन में आये द्य ठीक इसी प्रकार एक आत्मा का लक्ष्य भी परमात्मा है और जब तक एक जीवात्मा परमात्मा की प्राप्ति नहीं कर लेती तब तक वह आवागमन के बंधन से मुक्त नहीं हो पाती है परन्तु हमारे संतों महापुरुषों ने कहा कि जिस प्रकार श्री रुकमणी जी का विवाह तभी संभव हो पाया था जब पंडित जी उनके और भगवान् श्री कृष्ण जी के बीच माध्यम बने थे । ठीक इसी प्रकार एक पूर्ण गुरु के माध्यम से ही आत्मा और परमात्मा का मिलान संभव हो पता है और पूर्ण गुरु की कसौटी बताते हुए हमारे संतों ने कहा कि जो ईश्वर का दर्शन हमें इस मानव तन के भीतर ही करा दें वही पूर्ण सतगुरु हैं और यही नहीं भगवान् शिव भी गुरु गीता में पूर्ण गुरु की कसौटी बताते हुए कहते हैं कि पार्वती इस संसार में बहुत सारे गुरु हैं 1. सूचक गुरु 2. वाचक गुरु 3. बोधक गुरु 4. निषिद्ध गुरु 5. विहित गुरु 6. कारणाख्य गुरु और अंत में सप्तम गुरु हैं परम गुरु अर्थात कुछ गुरु पंचाक्षरी मंत्र व वशीकरण मन्त्रों को देने वाले होते हैं ।



# बाड़ी में टाइगर रिजर्व बफर जोन का निरीक्षणः डीएफओ ने अधिकारियों के साथ की ट्रैकिंग, वन्यजीव सुरक्षा के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** बाड़ी में रविवार को धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व के बफर एरिया का निरीक्षण एनसीएस के डीएफओ डॉ. आशीष व्यास और उनकी टीम ने किया। डीएफओ ने रामसागर क्षेत्र में ट्रैकिंग की और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एनसीएस के वन विहार रेंजर दीपक मीणा के अनुसार, फील्ड बायोलॉजिस्ट भानु प्रताप सिंह और अन्य अधिकारियों ने भी रामसागर बफर एरिया की ट्रैकिंग में भाग लिया। डीएफओ ने वन्यजीवों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।गौरतलब है कि सरमथुरा रेंज में वर्तमान में एक नर और एक मादा टाइगर के साथ तीन शावक हैं। कैलादेवी अभ्यारण क्षेत्र में हाल ही में रणथंभौर से एक टाइगर को स्थानांतरित किया गया है। इन बाघों और अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह ट्रैकिंग की गई। निरीक्षण के दौरान रामसागर अभ्यारण के वनपाल राजेश मीणा और फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग ने चलाया जागरुकता अभियान, वाहनों पर चिपकाए स्टीकर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** योग दिवस के अवसर पर जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि वाहनों पर यातायात नियमों संबंधित स्टिकर लगाए गए। जिससे लोगों को यातायात नियमों का आभास हो सके और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उप जिला शिक्षा अधिकारी खेलकूद विजय उदैनियां ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से लोगों में नियमों के प्रति जागरूकता पैदा होगी। प्रति माह इस प्रकार के आयोजन होते रहने चाहिए, विद्यालय स्तर पर भी इस प्रकार के नियमित कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने बताया कि हमारे द्वारा योग स्थल पर वाहनों पर स्टीकर लगाने का कार्य किया गया। जिसमें दुपहिया बंद चालकों को विशेषकर हेलमेट के लिए, तथा चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट के लिए आग्रह किया गया। अभियान में मोहम्मद जाकिर हुसैन, शारीरिक शिक्षक अजय बघेल, संतोष राजपूत व यातायात पुलिस कर्मियों ने सहयोग प्रदान किया।

## साहवा नाइट राइडर्स ने जीता एसपीएल 9 का खिताब

# साहवा रॉयल्स को 6 विकेट से हराकर फाइनल मैच का महामुकाबला अपने नाम किया

बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे में संचालित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता एसपीएल 9 के महा मुकाबले (फाइनल मैच) को जीतकर साहवा नाइट राइडर्स की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं साहवा रॉयल्स की टीम उप विजेता रही। फाइनल मुकाबले में साहवा नाइट राइडर्स टीम ने साहवा रॉयल्स को 6 विकेट से हराया। साहवा नाइट राइडर्स के स्पॉन्सर चंदू फर्नीचर हाउस के रोहिताश वाल्मीकि थे। एसपीएल आयोजक कमेटी द्वारा आयोजित समापन समारोह में आगंतुक मेहमानों द्वारा विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी और नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व शनिवार रात्रि को कस्बे के खेल मैदान में हुए फाइनल मुकाबले में साहवा रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साहवा रॉयल की टीम 12 ओवर के मैच में 98 पर ऑल आउट हो गई। बाद में खेलते हुए 98 रनों का पीछा करने उतरी साहवा नाइट राइडर्स टीम ने महज 4 विकेट खोकर 9.4 ओवर में 6 विकेट से फाइनल मैच जीत लिया। साहवा नाइट राइडर्स की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए सुनील कसवां ने 3 विकेट लिए। जबकि फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन पर राइडर्स के खिलाड़ी सैंडी घोटड़ा पट्टा को मैंन ऑफ दा मैच



का पुरस्कार दिया गया। आयोजक कमेटी की ओर से विजेता टीम साहवा नाइट राइडर्स के कप्तान इमरान खान को 41 हजार नकद और ट्रॉफी और उप विजेता साहवा रॉयल्स के कप्तान राजेश सहू को 31 हजार नकद और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं विजेता और उप विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के बेस्ट गेंदबाज का खिताब सुनील गंडास, प्रतियोगिता का बेस्ट बल्लेबाज तनवीर खान चुरु, बेस्ट फील्डर का किताब सुरेंद्र श्योपुरा को दिया गया। आयोजक मंडल की ओर से आयोजित समापन समारोह में एसपीएल प्रतियोगिता में सहयोग करने वाले सभी भामाशाहों, सभी टीमों के स्पॉन्सर, अंपायर ओर कॉमेंटेटर को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता की मेन ऑफ दा सीरीज हानिस खान चुरु रहे। इस अवसर पर रोहिताश वाल्मीकि, महेंद्र भूकर, गुरुदत्त ढाका, कैलाश पारीक, देवेन्द्र जोशी, राजेश कलिया, नरेंद्र गुरडा, रोहिताश सैनी, दारासिंह सोनी, अध्यापक राजेश कलिया, गणेश पारीक, व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान प्रसाद पारीक, मुकेश पारीक आदि गणमान्य जन उपस्थित थे। आयोजक कमेटी ने सभी आगंतुक मेहमानों ओर ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रवि तिवाड़ी ने किया।

# नकली खाद फैक्ट्रियों पर कृषि मंत्री की सख्त कार्रवाई, 300 मीट्रिक टन खाद की बिक्री पर रोक

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने नकली और घटिया गुणवत्ता की खाद बनाने वाली फैक्ट्रियों पर सख्त कार्रवाई जारी रखते हुए शनिवार को भीलवाड़ा जिले के हमीरगढ़ क्षेत्र में तीन खाद निर्माण इकाइयों की औचक जांच की। इनमें नामची न ओस्तवाल फोसकेम इंडिया लिमिटेड, मंगलम पोटाश लिमिटेड और गायत्री स्पिनर्स शामिल हैं।

### नामची न ओस्तवाल फोसकेम पर बड़ी कार्रवाई

जांच के दौरान नामची न ओस्तवाल फोसकेम इंडिया लिमिटेड में भंडारण में लापरवाही और गुणवत्ता परीक्षण में गंभीर खामियां पाई गईं। फर्टिलाइजर का एनालिसिस सही तरीके से नहीं किया



गया था, सैंपलिंग की प्रक्रिया भी अधूरी थी। विश्लेषण कार्य के लिए नियुक्त व्यक्ति प्रशिक्षित नहीं पाया गया, जबकि नियमों के अनुसार हर तीन वर्ष में विश्लेषणकर्ताओं को प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होता है।

इन खामियों के आधार पर विभाग ने इस फर्म पर सख्त कार्रवाई करते हुए 300 मीट्रिक टन खाद की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। अगले सप्ताह पुनः निरीक्षण किया जाएगा।

### गायत्री स्पिनर्स और मंगलम पोटाश लिमिटेड की भी जांच

गायत्री स्पिनर्स और मंगलम पोटाश लिमिटेड फैक्ट्रियों पर भी कृषि विभाग की टीम ने गहन निरीक्षण किया। खाद के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। मंगलम पोटाश लिमिटेड में बैग प्रिंटिंग संदिग्ध पाए जाने पर 23 बैचों की बिक्री पर रोक लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### जांच टीम में उच्च अधिकारी शामिल

इस संयुक्त कार्रवाई में कृषि आयुक्तालय जयपुर से संयुक्त निदेशक नवल किशोर मीणा, सहायक निदेशक राजपाल सिंह और धर्मपाल के अलावा भीलवाड़ा कृषि विभाग के उप निदेशक शंकर सिंह राठौड़, सहायक निदेशक धीरेंद्र सिंह राठौड़, कृषि अधिकारी प्रियंका पारीक और कजोड़मल मौजूद रहे।


### खाद निर्माताओं में मचा हड़कंप

**जांच और छापेमारी की इस कार्रवाई से खाद निर्माताओं में हड़कंप मच गया है। कृषि मंत्री ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि राज्य में किसानों को गुणवत्ताहीन या नकली खाद बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।**

# पंडित प्रदीप मिश्रा सुनाएंगे शिव महापुराण कथा, संतों व भक्तों का लगेगा महाकुंभ

## धर्मनगरी भीलवाड़ा में पहली बार 9 सितम्बर से होने वाले आयोजन समिति गठन के लिए बैठक 23 को

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** धर्मनगरी भीलवाड़ा में आगामी 9 से 15 सितम्बर तक पहली बार प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा शिव महापुराण कथा का वाचन करने जा रहे है। संकटमोचन हनुमान मंदिर भीलवाड़ा के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में होने वाले इस आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां शुरू हो गई है। संतों व भक्तों का 'महाकुंभ' बनने वाले इस कथा आयोजन की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से करने के लिए सनातन संस्कृति के प्रति आस्थावान समाज के विभिन्न वर्गो को इस आयोजन से जोड़ा जा रहा है। आयोजन समिति गठित करने के लिए श्रद्धालुजनों की बैठक 23 जून सोमवार शाम 7.30 बजे संकटमोचन हनुमान मंदिर में होगी। महंत बाबूगिरी महाराज के सानिध्य में होने वाली बैठक में भक्तगणों को कथा आयोजन से जुड़ी तैयारियों का दायित्व दिया जाएगा। आयोजन समिति के कार्याध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने बताया कि कथास्थल के रूप में आजादनगर महाप्रज्ञ सर्किल के पास स्थित मेडिसिटी ग्राउण्ड का चयन किया गया है। कथा आयोजन को लेकर शहर के शिव भक्तों में उत्साह का माहौल है ओर सभी बढ़ चढ़कर सहयोग के लिए तत्पर है। कथा में प्रतिदिन दो से तीन लाख भक्तगणों का सैलाब उमड़ने की संभावना के दृष्टिगत व्यापक स्तर पर तैयारियां होगी। महन्त बाबूगिरी महाराज ने बताया कि कथा के दौरान शंकराचार्य ओर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविन्द्रपुरी महाराज, अमरनाथ छड़ी मंदिर के महन्त दीपेन्द्रगिरी महाराज के साथ ही देश के विभिन्न क्षेत्रों से 200 से अधिक संत महात्मा भी आएंगे।

# बूंदी में कबड्डी संघ के हुए चुनाव अक्षय हाडा बने अध्यक्ष




बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले में पिछले 3 वर्षों से कबड्डी संघ के चुनाव नहीं हो पा रहे थे कि रविवार को बूंदी में कबड्डी संघ की नई कार्यकारणी के चुनाव संपन्न हुवे, जिसमें अक्षय हाड़ा को अध्यक्ष चुना गया। वही उपाध्यक्ष लोकेश कुमार, सचिव दुर्गा कवर, सह सचिव बुद्धी प्रकाश गौचर, आलोक दाधीच, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, सदस्य अमित गौतम, दयाराम सुमन, मानस सिह, भागीरथ चौधरी निर्वाचित हुए। बैठक में अध्यक्ष अक्षय हाड़ा ने बताया जिले के कबड्डी के खलाडियों का राज्य स्तर, एवं नेशनल स्तर पर जो रास्ता विगत तीन वर्षों से बंद था वह अब खुल गया है। इस रास्ते के साथ खिलाड़ियों को सभी प्रकार की सुविधाएं भी जिला संघ की ओर से उपलब्ध कराई जाएंगी। आने वाले समय में जल्द ही राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता कराई जाएगी। जिससे बूंदी के खिलाडीयो को प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान होगा। यहां के खिलाड़ियों को अभी तक मेट की व्यवस्था नहीं थी। जो अब बहुत जल्द ही पूरी हो जाएगी। राज्य स्तर के खेल के लिए यह तैयारी भी मैट पर की जाएगी। इसके अलावा बूंदी के खिलाड़ियों को हर संभव मदद भी की जाएगी।

# अभिभाषक परिषद के सदस्यों ने किया हनुमान चालिसा पाठ

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बाणगंगा स्थित नरसिंह आश्रम में चल रहे 21 दिवसीय सप्तम सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ अभिभाषक परिषद के सदस्यों ने नरसिंह आश्रम पहुंचकर हनुमान चालीसा पाठ किया और आश्रम में स्थित श्री रामलला मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर में भगवान के दर्शन किए। इस दौरान समिति के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने अभिभाषक परिषद के सदस्यों का अभिनंदन किया। नरसिंह आश्रम पहुंचकर हनुमान चालीसा पाठ करने वालों में अभिभाषक परिषद के उपाध्यक्ष नारायण सिंह गौड़ वरिष्ठ अधिवक्ता शिवराज डोई, जगदीश गुप्ता, नगेंद्र सिंह हाडा, अशोक वशिष्ठ, उमेश शर्मा पंकज रॉयल राजकुमार गोयल, कपिल सैनी, रमेश सैनी, श्यामसुंदर गौतम, अजय गौतम, कमलेश गौतम, सुन्नीराज बैरागी, जितेंद्र जैन, सत्यनारायण सैनी, आदि मौजूद रहे। यह जानकारी समिति से जुड़े समाजसेवी भरत शर्मा ने दी।

# राष्ट्र जागरण ज्योति कलश यात्रा 24 जून को


**चौमहला( आबिद हुसैन )।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चल रही राष्ट्र जागरण ज्योति कलश यात्रा 24 जून को चौमहला कस्बे में भ्रमण करेगी। जिले में भ्रमण करती हुई कलश यात्रा डग क्षेत्र से चौमहला में 23 जून शाम को प्रवेश करेंगी। प्रवेश करने पर यात्रा का गायत्री शक्तिपीठ पर स्वागत व पूजन व रात्रि विश्राम होगा होगी फिर 24 जून को कलश यात्रा का चौमहला नगर में भ्रमण होगा।यात्रा 24 जून को सुबह गायत्री शक्तिपीठ से शुरू होगी जो कोल्वी रोड, रैदास मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, झंडा चौक, पंचायत भवन, सब्जीमंडी, कुंडला रोड होते हुए वापस शक्तिपीठ पंहुचेगी।ज्योति कलश यात्रा 25 जून से क्षेत्र के गांवों में भ्रमण करेगी व 30 जून को गंगधार कस्बे में पंहुचेगी।गायत्री शक्ति पीठ के मुख्य ट्रस्टी गोविंदराम अग्रवाल ने बताया की यात्रा को लेकर शक्तिपीठ के ट्रस्ट मंडल की व तहसील स्तरीय कार्यकर्ताओं कि बैठक हो चुकी है जिसमे यात्रा की पूरी व्यवस्था बना ली गई है।

# राजस्थान को मिला सबसे युवा आर्किटेक्ट, चित्तौड़गढ़ के क्षितिजराज वैष्णव ने रचा कीर्तिमान

### 22 वर्ष की उम्र में आर्किटेक्चर की दुनिया में रखा कदम, यूनेस्को तक परचम लहराया

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** तकनीक और नवाचार के इस युग में जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है, वहीं वास्तविक दुनिया को सुंदर आकार देने में आर्किटेक्ट की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो गई है। हर व्यक्ति अपने सपनों का एक घर चाहता है, और उन सपनों को साकार



करने में आर्किटेक्ट की भूमिका केंद्रीय होती है। चित्तौड़गढ़ जैसे ऐतिहासिक शहर से एक युवा ने इस क्षेत्र में कदम रखकर पूरे राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। शहर के कुम्भानगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार विवेक वैष्णव के सुपुत्र क्षितिजराज वैष्णव ने मात्र 22 वर्ष की उम्र में 'बी.आर्क' की डिग्री पूर्ण कर राजस्थान के सबसे युवा आर्किटेक्ट बनने का गौरव प्राप्त किया है। क्षितिजराज ने अपनी शिक्षा जयपुर स्थित आयोजन स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर से पूरी की, जहां वे अपनी सादगी, रचनात्मक सोच और सकारात्मक व्यवहार के चलते शिक्षकों और साथियों के बीच सदैव प्रिय रहे। अपने पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के दौरान क्षितिज ने कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में हिस्सा लिया। दो वर्ष पूर्व जयपुर के ऐतिहासिक परकोटा बाजार को लेकर यूनेस्को टीम के समक्ष दिया गया उनका प्रेजेंटेशन खासा चर्चित रहा, जिसे काउंसिल ऑफ आर्किटेक्ट्स (इंडिया) और यूनेस्को प्रतिनिधियों ने सराहा। वर्ष 2018 में माध्यमिक शिक्षा के दौरान ही क्षितिज ने अपने इंजीनियर पितामह श्री जी.एल. वैष्णव से प्रेरित होकर आर्किटेक्चर को अपना करियर बनाने का संकल्प लिया। वर्ष 2020 में सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा के साथ ही उन्होंने जेईई और नाटा जैसे प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाएं पास कर आयोजन स्कूल में प्रवेश पाया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को क्षितिज ने अपने दिवंगत पितामह जी.एल. वैष्णव को समर्पित किया है, जो अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में अधिशाषी अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। चित्तौड़गढ़ का यह युवा आज राजस्थान की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन गया है, जो यह सिखाता है कि छोटे शहरों से भी बड़े सपनों की उड़ान भरी जा सकती है।

# हरि शेवा उदासीन आश्रम में वार्षिक वर्सी उत्सव 26 से



### चार दिवसीय कार्यक्रम, सेवादारियों की बैठक में जिम्मेदारियां सौंपी गईं

### महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने सेवा-सुमिरन का संदेश दिया

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** हरि शेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर, भीलवाड़ा में सतगुरु बाबा हरिराम साहेब एवं बाबा गंगाराम साहेब के वार्षिक वर्सी उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। चार दिवसीय यह उत्सव आगामी 26 से 29 जून तक श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। आश्रम के संत गोविंदराम ने बताया कि परंपरा अनुसार इस वर्ष भी यह आयोजन भव्य रूप में सम्पन्न होगा। देशभर से श्रद्धालु सतगुरुओं की वंदना करने के लिए आश्रम में पधारेंगे।

### सेवा समितियों का गठन

हाल ही में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में आश्रम परिसर में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सान्निध्य में विभिन्न सेवा समितियों का गठन किया गया। बैठक में सभी सेवादारियों के बीच आयोजन की विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कोठार सेवा, दूध-सब्जी लाने, चाय-जल सेवा, संतों की सेवा, चरण पादुका पूजन, भोजन वितरण, भंडार निर्माण, पत्रक वितरण, संतों एवं अतिथियों के आवागमन एवं आवास व्यवस्था आदि के लिए समितियां गठित की गईं। इसके अलावा आयोजन स्थल की सजावट, स्वच्छता, यातायात और पार्किंग की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक चर्चा की गई।

### उत्सव का कार्यक्रम

संत गोविंदराम ने बताया कि 26 जून (एकम तिथि) को परम पूजनीय श्री 108 बाबा हरिराम साहेब जी का 78वां वार्षिक वर्सी उत्सव और 29 जून (चौथ तिथि) को परम पूजनीय श्री 108 बाबा गंगाराम साहेब जी का 29वां वार्षिक उत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन, प्रवचन, संतों की वाणी और भंडारे आयोजित किए जाएंगे। देशभर से बड़ी संख्या में साधु-संत और श्रद्धालु इस आयोजन में सम्मिलित होंगे। बाहर से पधारने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवास और भोजन की समुचित व्यवस्था की जा रही है। सभी व्यवस्थाएं इस प्रकार की जा रही हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### बैठक में उपस्थित सदस्य

बैठक में संत मयाराम, ब्रह्मचारी इंद्रदेव, सिद्धार्थ, कुणाल, मिहिर, सचिव हेमंत वच्छानी, अंबालाल नानकानी, हीरालाल गुरनानी, हेमनदास भोजवानी, वीरूमल पुरूसवानी, पुरूषोत्तम परियानी, गोपाल नानकानी, वासु मोतियानी, ईश्वर आसनानी, इन्द्र आवतानी, गंगाराम पेशवानी सहित हंसगंगा हरि शेवा भक्त मंडल के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने तन-मन-धन से आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## तलाई में मिली अज्ञात लाश के ब्लाइन्ड मर्डर का खुलासा

# पुरानी रंजिश को लेकर चचेरे भाई ने दोस्त के साथ मिलकर की अपने ही भाई की हत्या

### भूपालसागर थाना पुलिस व साईबर सैल ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए तीन आरोपी किये गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** भूपालसागर थाना क्षेत्र के खेडी गांव में रामदेवजी मन्दिर के पास तलाई में मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश के ब्लाइन्ड मर्डर के मामले का पुलिस थाना भूपालसागर व साईबर सैल ने खुलासा कर संयुक्त कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी भाणिया उर्फ भाणु सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुरानी रंजिश को लेकर चचेरे भाई ने दोस्त के साथ मिलकर अपने ही भाई की हत्या की। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि गत 15 जून की शाम को भूपालसागर थाना क्षेत्र के गॉव खेडी में रामदेव जी मन्दिर के पास तलाई के गढे में एक अज्ञात व्यक्ति का शव में पडे होने की सुचना मिलने के मामले की गंभीरता को मध्यनजर एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी कपासन हरजी लाल यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी भूपालसागर लादूलाल उप निरिक्षक के नेतृत्व में पुलिस थाना भूपालसागर, पुलिस थाना आकोला, पुलिस थाना कपासन एवं साईबर सैल की संयुक्त टीम का गठन किया गया उक्त घटना पर अभियोग पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। प्रकरण की गम्भीरता एवं अज्ञात



व्यक्ति के ब्लाईन्ड मर्डर को ध्यान में रखते हुए टीम द्वारा अज्ञात लाश की शिनाख्त के लिए घटनास्थल के आस पास के गांवो में संम्पर्क किया गया, सीएलजी सदस्यों एवं पुलिस मित्रों का सहयोग प्राप्त कर पहचान करवायी जाकर मृतक की शिनाख्त करवायी गयी तो मृतक की पहचान रतन लाल पुत्र बद्री लाल भील उम्र 30 साल निवासी भील बस्ती गॉव कांकरवा के रूप में होने पर मृतक के परिजनो को बुलाया जाकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान प्रारंम्भ किया गया। घटनास्थल गॉव खेडी के पास घना जंगल होने के कारण कोई चश्मदीद गवाह एवं साक्ष्य नहीं होने एवं घटना घटित करने वालो की कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो पाने पर घटना का खुलासा करना कठिन कार्य हाने के कारण साईबर सैल चित्तौडगढ से तकनीकी सहायता प्राप्त की गई एवं घटनास्थल से मोबाईल टॉवर डम्प डाटा व मृतक की कॉल डिटेल का विश्लेषण कर संदिग्ध मोबाईल नम्बरो की पहचान कर कॉल डिटेल प्राप्त की गयी।

### उक्त कार्यवाही में टीम के निम्न सदस्यो का योगदान रहा

**थानाधिकारी भूपालसागर लादुलाल उनि, भूपालसागर के एएसआई तेजमल, कानि. अनिल, ओमप्रकाश, माधवलाल, लक्ष्मण लाल, आकोला थाने के एएसआई चन्दनसिंह, कपासन थाने के कानि. वेदप्रकाश, नीरज व राजेश कुमार, साईबर सैल के हैड कानि. राजकुमार, कानि. रामनरेश। विशेष योगदान : उक्त सम्पुर्ण कार्यवाही में पुलिस थाना भुपालसागर के कानि. अनिल कुमार एवं साईबर सैल चित्तौडगढ के कानि. रामनरेश का विशेष योगदान रहा।**

# बारिश के बाद पर्यटन स्थलों की सुरक्षा इंतेजामांत को लेकर रियलिटी चेक

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** राजस्थान में मानसून द्वारा दस्तक देते ही बूंदी में पर्यटकों का आना शुरू हो जाता है, यहां के पर्यटक स्थलों पर बरसात के बाद झरनों की चादर चलना शुरू हो जाती है, ओर झरनों का लुप्त उठाने यहां दूर दूर से लोग आते है । बरसात के बाद पर्यटक स्थलों पर प्रशासन के क्या पुख्ता इंतजाम हैं इसी को लेकर आज बढ़ता राजस्थान के जिला संवाददाता अनंत दाधीच द्वारा बूंदी से 30 किलोमीटर दूरी पर स्थित भीमलत झरना पर जाकर रियलिटी चेक की गई , तो सामने आया कि पर्यटकों की भीड़ आना शुरू हो गई। और वहां प्रशासन द्वारा किसी प्रकार के सुरक्षा इंतजामात नहीं है, लोग कुंड के सहारे अटखेलिया करते हुए नजर आए तो कोई सेल्फी ले रहा था तो कोई कुंड के पास बैठकर फोटो खिंचवा रहा था, और उन्हें वहां रोकने टोकने वाला कोई नहीं था, आपको बता दें कि यहां हर साल कुंड में डूबने की खबर आती है, फिर भी प्रशासन अभी तक आंख बंद करके सोया हुआ है। शायद अब बढ़ता राजस्थान में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन की नींद उड़े और सुरक्षा की इंतेजामात पुख्ता करे । पर्यटक बताते हैं कि भीमलत पर ऊपर की तरफ एक होमगार्ड का जवान तैनात है मगर जहां खतरा है वहां कोई भी सुरक्षा के बंदोबस्त नहीं है ना सिविल डिफेंस का कोई जवान है और ना ही कोई होमगार्ड का यहां तक की अगर अधिक बरसात हो जाती है तो इस जगह की साफ सफाई भी ठीक से नहीं हे। बूंदी पर्यटन स्थल होने से यहां पर बंदी ही नहीं अपितु पूरे राजस्थान भर से लोग बारिश का लुफ्त उठाने आते हैं। जब आज हम वहां पहुंचे तो बिहार के पर्यटक जो कोटा रहकर पढ़ाई कर रहे हैं वह इस नजारे को देखकर अचंभित हो गए और उन्होंने कहा कि मानो हम तो स्वर्ग में ही आ गए हैं।यह स्थान वाकई प्रकृति की गोद में बसा हुआ है और यह स्वर्ग से कम नहीं मगर यहां की थोड़ी व्यवस्थाएं सुधार दी जाए तो आने वाले पर्यटकों को काफी अच्छा लगने लगेगा।



दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in

RNI NO. RAJHIN/2010/35060



असफलता यह सिद्ध करती है प्रयत्न पूरे मन से नहीं बल्कि अधूरे मन से हुआ था।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## राजस्थान में फिर से आंदोलन करेंगे शिक्षक:राज्यस्तरीय सम्मेलन में बोले- शैक्षिक ढांचे को बचाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा

बढ़ता राजस्थान

**सीकर ( नि.स. )।** राजस्थान के शैक्षिक ढांचे को बचाने और शिक्षा के निजीकरण को रोकने के लिए राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने सीकर के नवलगढ़ रोड स्थित शिक्षक भवन में दो दिवसीय राज्य परिषद कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में प्रदेश भर के शिक्षकों ने एकजुट होकर शिक्षा के द्वितीय स्तर के संरक्षण, डीपीसी की बकाया मांगों, और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2030 के खिलाफ रणनीति पर गहन मंथन किया।कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रभु सिंह ने शिक्षकों के संघर्ष को सराहा। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के प्रदेश महामंत्री उपेंद्र शर्मा ने कहा- आजादी के बाद और राजस्थान के गठन के बाद पहली बार ऐसा आंदोलन हुआ, जिसमें शिक्षकों ने कोई आर्थिक मांग नहीं रखी, बल्कि जनहित और शिक्षा के संरक्षण की बात की। 27 मई से 2 जून तक 48 डिग्री की भीषण गर्मी में शिक्षकों ने सड़कों पर पैदल मार्च कर सरकार को झुकने पर मजबूर किया।




### शिक्षा के निजीकरण के खिलाफ हल्ला बोल

उपेंद्र शर्मा ने बताया कि इस आंदोलन में शिक्षकों ने डेढ़ लाख नौजवानों के लिए नौकरी, गिरते शैक्षिक ढांचे को बचाने, स्कूलों के संरक्षण, 5 साल से लंबित डीपीसी, और शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देने वाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2030 के खिलाफ आवाज बुलंद की। कार्यशाला में आगामी आंदोलन की रणनीति पर भी विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें सरकार को मांगें मानने के लिए दबाव बनाने की योजना तैयार की गई।

### शिक्षकों की एकजुटता से सरकार को चेतावनी

शिक्षक संघ ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ही उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो प्रदेश भर में और बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा। कार्यशाला में शिक्षकों ने सार्वजनिक शिक्षा को सुदृढ़ करने और शैक्षिक ढांचे को बचाने के लिए एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# मैरिज ग्राउंड पर त्रिपुरा की आईएएस चारू को राजस्थान कैडर

## 5 महीने में छह आईएएस-आईपीएस दूसरे कैडर से राजस्थान आए, इनमें 4 महिला अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** राजस्थान को एक और महिला आईएएस अधिकारी मिल गई है। केंद्र सरकार ने त्रिपुरा कैडर की आईएएस अधिकारी चारू के राजस्थान कैडर में तबादलें को मंजूरी दे दी है। उनका यह तबादला शादी के आधार पर किया गया है। पिछले पांच महीने में राजस्थान में पांच आईएएस एवं एक आईपीएस अधिकारी दूसरे राज्यों से कैडर बदल कर आए हैं। इनमें चार महिला अधिकारी हैं। यह सभी तबादले शादी के आधार पर किए गए हैं। गौरतलब है कि अखिल भारतीय सेवाओं में चयनित अफसर पर शादी के आधार पर अपना कैडर बदल सकते हैं। पति पत्नी के राज्य और पत्नी पति के कैडर वाले राज्य में तबादला करवा सकते हैं।




### आईएएस चारू और आईपीएस सुजीत शंकर

केंद्र सरकार ने त्रिपुरा कैडर की आईएएस अधिकारी चारू को तबादला राजस्थान किए जाने को मंजूरी दे दी है। वर्ष 2022 बैच की अधिकारी चारू का तबादला राजस्थान कैडर के 2020 बैच के आईपीएस अधिकारी सुजीत शंकर से विवाह के आधार पर किया गया है। गुरुवार को इस संबंध में मंजूरी आदेश जारी कर दिया है।

### आईपीएस नित्या और आईपीएस पंकज यादव

इसी महीने जून में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रशासित प्रदेश की आईपीएस अधिकारी पी.डी. नित्या का तबादला राजस्थान कैडर में किया था। एजीएमयूटी कैडर में वर्ष 2016 बैच की आईपीएस अधिकारी नित्या का विवाह आईपीएस अधिकारी पंकज यादव से हुआ है। पंकज राजस्थान कैडर में बैच 2022 के आईपीएस अधिकारी हैं।

जयदेव सीएस वर्ष 2020 बैच के यूपी कैडर के आईएएस हैं। उन्होंने राजस्थान कैडर की आईएएस अफसर प्रतिभा वर्मा के साथ शादी की है। प्रतिभा भी वर्ष 2020 बैच की आईएएस हैं और मूलरूप से यूपी की रहने वाली हैं। कर्नाटक के रहने वाले जयदेव सीएस ने वर्ष 2019 में सिविल सर्विसेज एग्जाम में ऑल इंडिया में 5वीं रैंक हासिल की थी। केंद्र सरकार ने 31 जनवरी को तबादले की मंजूरी दी।

### आईएएस आशीष व आईएएस अंशु प्रिया

उत्तराखंड कैडर के आईएएस आशीष कुमार मिश्रा का तबादला गत 11 अप्रैल को राजस्थान कैडर में किया गया था। वर्ष 2021 बैच के अधिकारी मिश्रा ने राजस्थान कैडर में 2022 बैच की अधिकारी अंशु प्रिया से विवाह किया है। इसी आधार पर केंद्र सरकार ने कैडर ट्रांसफर की मंजूरी दी।

### आईएएस छाया व आईएएस मोहित

मध्य प्रदेश कैडर की आईएएस अधिकारी छाया सिंह भी राजस्थान कैडर में आ गई हैं। वर्ष 2024 बैच की अधिकारी छाया सिंह का तबादला राजस्थान कैडर में 2022 बैच के अधिकारी मोहित कासनियां से विवाह के आधार पर किया गया है। केंद्र सरकार ने गत 11 अप्रैल को यह आदेश जारी किए थे।

### आईएएस रश्मि और आईपीएस कार्तिकेय

वर्ष 2021 बैच की आईएएस रश्मि रानी मूलरूप से बिहार के पटना की रहने वाली है। यूपीएससी में चयनित होने के बाद उन्हें तमिलनाडु कैडर आवंटित किया था। पिछले कुछ वर्षों से वे वहां सेवाएं दे रही थीं। कुछ समय पहले आईएएस रश्मि राजस्थान कैडर के आईपीएस कार्तिकेय वर्मा के साथ विवाह बंधन में बंधी। कार्तिकेय वे वर्ष 2023 बैच के आईपीएस हैं। इसके आदेश 24 जनवरी को जारी किए गए।

## ट्रैफिक पुलिस की सख्ती-ओवर स्पीडिंग पर ब्रेक; तेज रफ्तार वाहनों के 5 माह में 30500 चालान

### जेएलएन पर 23000, इनमें 8750 रात 10 से 4 बजे के बीच

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स)। राजधानी में ट्रैफिक पुलिस ओवरस्पीड से दौड़ रहे वाहन चालकों पर लगाम नहीं लगा पा रही है। पिछले 5 माह में 30500 चालान तेज गति से वाहन दौड़ाने के हुए हैं। ये तो मात्र 6 आईटीएमएस कैमरों के सामने से निकले वाहनों के हैं। रोज 201 चालान ओवर स्पीड के ?किए जा रहे हैं। ये ओवरस्पीड के ऑनलाइन चालान काटकर सीधे मोबाइल पर भेजे जाते हैं। ऐसे में इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रोज कितने वाहन तेज गति से दौड़ रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा ज्यादा 23000 ओवरस्पीड के चालान जेएलएन मार्ग पर हुए हैं। इनमें भी रात 10 से सुबह 4 बजे के बीच 8750 चालान हुए हैं। इसके बाद 6000 चालान टोंक रोड पर और 1500 चालान क्वींस रोड वैशाली नगर में हुए हैं।



**स्टॉप लाइन की जानकारी नहीं**

ट्रैफिक पुलिस की ओर से 120 दिन में लालबत्ती तो?ने वाले 3 हजार लोगों के चालान किए गए हैं। जिन्होंने लालबत्ती के बावजूद भी वाहन को नियम विरुद्ध चला कर ले गए। वहीं 30 ऐसे भी व्यक्ति रहे, जिन्होंने स्टॉप लाइन पर वाहन को ख?ा कर दिया, जबकि 10 लोगों के चालान केवल गलत तरीके से ओवरटेक करने पर किए गए हैं। 40 के चालान केवल लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के चक्कर में किए हैं।

**2 से अधिक सवारी के 9500 चालान**

ट्रैफिक पुलिस ने नियम तोडने वालों के खिलाफ सख्ती करना शुरू कर दिया है। जनवरी से अप्रैल तक 18980 लोगों के लाइसेंस निरस्त करने की अनुशंसा की है, इनमें से 3500 के निलंबित कर दिए गए। सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन पर 2 से अधिक सवारी के मामले में 9500, बिना हेलमेट वाहन चलाने के मामले में 3800 लोगों के लाइसेंस निरस्त करने की अनुशंसा की है। शहर में रोज 158 लोग ट्रैफिक नियम तो? रहे हैं। इनमें से 29 के लाइसेंस रोज निरस्त किए जा रहे हैं। हेलमेट न पहनने, मोबाइल पर बात कर हुए वाहन चलाना, शराब पीकर चलाना, बिना लाइसेंस रॉन्ग साइड, स्टॉप लाइन का उल्लंघन, ओवरलोडिंग मामलों में ट्रै?फिक पुलिस चालान कर रही है।

## मानसून 4 दिन में ही आधे से ज्यादा राजस्थान में छाया, 90% ज्यादा बारिश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** राजस्थान में मानसून को एंट्री किए चार दिन हो गए हैं। अब तक मानसून आधे से ज्यादा राजस्थान को कवर कर चुका है। शनिवार सुबह से ही प्रदेश के अलग-अलग जिलों में इसका असर रहा। अजमेर, चित्तौड़गढ़, जोधपुर, जयपुर, भीलवाड़ा में तेज बारिश हुई। वहीं, राज्य के बाकी हिस्सों में भी रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा। लगातार हो रही बारिश से चंबल के बांधों में पानी बढ़ने लगा है।लगातार जल स्तर बढ़ने के कारण जवाहर सागर बांध से 6758 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। इसके चलते कोटा बैराज के दो गेट खोलकर 7466 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। कोटा बैराज के दो गेट सुबह 7 बजे 6-6 फीट खोले गए।



### चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा में भारी बारिश

चित्तौड़गढ़ में पिछले 24 घंटे में हुई अच्छी बरसात के कारण धनेश्वर महादेव क्षेत्र के गंगारिया तालाब में पानी की आवक हुई है। यहां पहले 10 प्रतिशत ही पानी था।अभी तक लगभग 30 प्रतिशत से ज्यादा पानी की आवक हो चुकी है। चित्तौड़गढ़ में रात से ही बारिश हो रही है। भीलवाड़ा में सिर्फ आधे घंटे की बारिश में सड़कें दरिया बन गईं।पुराने भीलवाड़ा सहित शहर के निचले हिस्सों में पानी भर गया। यहां सड़क धंसने से गड्ढे में गाड़ी फंस गईं। मौसम विभाग के अनुसार 20 जून तक प्रदेश में औसत 25 .1स्र्रूएमएम बारिश होती है, अब तक 47 .6स्र्रूएमएम हो चुकी है। जो अब तक 90 प्रतिशत से ज्यादा है। जोधपुर में बह गई बिजनेसमैन की कार, पति-पत्नी की मौत-पाली में मकान पर पे? गिरा, जयपुर में ट्रेनें प्रभावित, 6 दिन अतिभारी बारिश की चेतावनी राजस्थान में मानसून की अच्छी शुरुआत के साथ ही तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने 21 से 26 जून तक पूर्वी राजस्थान के लिए अतिभारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है।

# डोटासरा बोले- सीएम-मंत्री का रोल सरकार में नहीं दिख रहा

## कभी दिल्ली की हाजिरी, कभी गुजरात जाकर ट्रेनिंग ले रहे कैसे नफरत फैलाई जाए

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स) पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने आज एक बार फिर सरकार पर हमला बोलते हुए कहा- प्रदेश में पिछले डेढ़ साल से सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। प्रदेश ऐसे चल रहा है, जैसे यहां राष्ट्रपति शासन लगा हो। मंत्री और मुख्यमंत्री का रोल सरकार में दिख नहीं रहा है।हर वर्ग त्रस्त और परेशान हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है, कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। किसान को समय पर खाद और बीज नहीं मिल रहे हैं। कृषि मंत्री कह रहे है कि पूरे देश में नकली खाद मिल रही हैं। ऐसा कहकर वो भारत सरकार और डबल इंजन की सरकार पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं।



डोटासरा ने कहा- लेकिन मुख्य बात यह है कि यह कौन तय करेगा कि किसान को समय पर सही खाद और बीज मिले। इस पर ना तो मंत्री का बयान आ रहा है, न ही मुख्यमंत्री का बयान आ रहा है। कभी योग कर रहे है, कभी देव दर्शन यात्रा कर रहे है।

### नकली खाद गुजरात से आ रही है

डोटासरा ने कहा- मैं कल कृषि मंत्री का बयान सुन रहा था। वो कह रहे थे कि जो नकली खाद और बीज हम पकड़ रहे हैं। वो सारा का सारा गुजरात से आ रहा है। यहीं गुजरात का मॉडल हैं, नकली खाद, तस्करी, अवैध शराब। यह मॉडल पूरे देश में लागू है। लेकिन उस पर कोई कार्रवाई हो नही रही है।प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज है ही नहीं। जब सीएम पिछले डेढ़ साल से हर विभाग की समीक्षा कर रहे हैं तो फिर इस समीक्षा में यह बातें क्यूं नहीं आई कि प्रदेश में नकली खाद और बीज बेचकर किसान को बर्बाद किया जा रहा है। कृषि मंत्री भी लेट जागे। डेढ़ साल बाद फसल बुवाई के समय में यह कहना कि मेरे यहां सभी अफसर मिले हुए हैं। इसलिए मुझे खुद जाकर औचक निरीक्षण करना पड़ रहा है तो यह भी सरकार पर प्रश्नवाचक प्रश्नचिन्ह लगता हैं।

## ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने हनुमान बेनीवाल पर की टिप्पणी:कहा-विकास कोई भी कराए, नेताजी को खुद का नाम छपवाने की आदत

बढ़ता राजस्थान

**नागौर ( नि.स )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल पर जमकर कटाक्ष किया। बेनीवाल का नाम लिए बिना उन्होंने कहा- यहां विकास कोई भी कराए, लेकिन नेताजी को खुद का नाम छपवाने की आदत है।ऊर्जा मंत्री रविवार को नागौर जिले के हिलो?ी गांव में 4 जीएसएस का उद्घाटन और 5 जीएसएस का शिलान्यास करने पहुंचे थे। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- विधानसभा उपचुनाव से पहले जब यहां आया था तो देखा था कि इस विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्या है। हालत ये थे कि काम कोई भी करवाए लेकिन यहां के नेताजी को अपना नाम छपवाने की आदत है। यहां भाजपा सरकार काम कर रही है। जीएसएस खोलती है तो नेताजी नाम अपना लगवा देते हैं।



### नागौर के गांवों को बिजली की सौगात

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने आज नागौर के हिलो?ी गांव में 1 करो? 40 लाख रूपए की लागत से तैयार 33/11 जीएसएस का उद्घाटन किया। इस दौरान खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा, भाजपा जिलाध्यक्ष रामधन पोटलिया और सरपंच फोरम अध्यक्ष जगदीश बि?ियासर भी मौजूद थे।

### कांग्रेस ने 5 साल में सिर्फ 3 जीएसएस बनवाए

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। कहा-पिछली कांग्रेस सरकार ने 5 सालों में इस क्षेत्र में सिर्फ 3 जीएसएस बनवाए। पिछले 5 साल में प्रसारण तंत्र का कोई जीएसएस बनकर तैयार नहीं हुआ, इस वजह से लोड और ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। आप लोगों को केवल गुमराह किया जाता था। बिजली के नाम पर सिर्फ वोट लिए जाते थे। कांग्रेस 1 लाख 39 लाख करो? का कर्जा छो?कर गई है।प्रदेश सरकार ने कई नए जीएसएस बनाए और कई जीएसएस की क्षमता ब?ाई है। अब नागौर जिले में तीन 220 केवी जीएसएस बनेंगे। 2027 से पहले पूरे राजस्थान में किसानों को दिन में बिजली देने का काम करने जा रहे हैं।

## ज्वेलर को धमकी देकर 20 लाख मांगे-बोला- लॉरेंस ग्रुप का शूटर हूं; मैसेज किया- तेरे परिवार की जानकारी है

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** भरतपुर में ज्वेलर को लॉरेंस गैंग के शूटर के नाम से धमकी मिली है। शूटर ने 20 लाख रुपए की डिमांड की। बोला- लॉरेंस ग्रुप का शूटर हूं, किसी गलतफहमी में मत रहना। मैसेज किया- तेरे परिवार की जानकारी है, तेरे पीछे अपने बंदे लगे हुए हैं। मामला अटलबंद थाना इलाके का है।तिलकधारी ज्वेलर्स के मालिक राजकुमार गोयल ने बताया- मैं कल (शनिवार) वृंदावन गया हुआ था। शाम 6.30 बजे बेटे शेखर का कॉल आया। उसने बताया कि एक धमकी भरा कॉल आया है। उसने मैसेज करके भी धमकी दी है और 20 लाख रुपए की डिमांड की है।बेटे ने बताया कि उसके फोन की बैटरी डाउन थी। इसलिए कॉल पर पूरी बात नहीं हुई। बीच में ही फोन स्विच्ड ऑफ हो गया। इसके बाद कॉलर ने वॉट्सऐप पर एक के बाद एक 5 मैसेज किए। ये मैसेज कल शाम 6.49 बजे किए गए हैं। इनमें लिखा है- लॉरेंस गैंग, तेरे बारे में सब जानते हैं। दो दिन में तुझे पैसा देना है, 20 लाख रुपए। किसी तरह की गलतफहमी में मत रहना। तेरे पीछे अपने बंदे लगे हुए हैं, याद रखना। तेरे घर-परिवार के बारे में सब जानते हैं।



### मैसेज में लिखा- बाकी तेरी मर्जी

ज्वेलर ने बताया- इसके बाद रात 9.50 बजे फिर 2 मैसेज आए। इनमें लिखा था- तेरे घर परिवार के बारे में सब जानकारी है। लॉरेंस गैंग। बाकी तेरी मर्जी। ज्वेलर ने कहा- मैंने बेटे से दोनों स्क्रीन शॉट मांगे। मैसेज प?कर हम घबरा गए। सुबह (रविवार) मैं लौटा और हमने 100 नंबर पर पुलिस को कॉल किया, लेकिन लाइन व्यस्त आ रही थी।

## ऑनलाइन गेम में पैसे हारने पर बहू ने की चोरी-धीरे-धीरे घर से सोने-चांदी के जेवरात निकाले, सास-ससुर के बाहर जाने पर रची चोरी की कहानी

बढ़ता राजस्थान

**आसपुर ( नि.स )।** डूंगरपुर में ऑनलाइन गेम में पैसे हारने के बाद बहू ने अपने ही घर में चोरी की। घरवालों के बाहर जाने पर बहू ने घर में चोरी की झूठी कहानी रची। मामला आसपुर के दोवड़ा थाना क्षेत्र का है।

### घर से बाहर गए थे सास-ससुर

थाना अधिकारी तेज करण सिंह ने बताया- हथाई निवासी देवीलाल ने 19 जून को थाने में मामला दर्ज कराया था। जिसमें बताया कि 18 जून को उनकी पत्नी मायके गई थी। घर पर उनका छोटा बेटा विवेक और बड़े बेटे रोहित की पत्नी पूजा (26) थे। रात 10 बजे देवीलाल के घुटनों में दर्द के इलाज के लिए डूंगरपुर चले गए।

### तिजोरी में बिखरा मिला सामान

थाना अधिकारी तेज करण सिंह ने बताया- 19 जून को सुबह 7 बजे जब वे घर लौटे तो बेटे विवेक और बहू पूजा ने चोरी की सूचना दी। मौके पर देखा तो तिजोरी का सामान बिखरा हुआ था। सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस दौरान पुलिस को पूजा की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### ऑनलाइन गेम में बहू ने हारे पैसे

पुलिस ने बताया-पूजा से पूछताछ में सामने आया कि वह 6 महीने से मोबाइल पर %रश% नाम का ऑनलाइन गेम खेलती थी। गेम में पैसे हार जाने और और अधिक पैसों की जरूरत के कारण उसने यह योजना बनाई। पूजा ने अलग-अलग समय पर घर से पुराने सोने-चांदी के जेवरात चुराए। 18 जून की रात को सास-ससुर के बाहर होने का फायदा उठाकर घर का सामान बिखेर दिया और चोरी की झूठी कहानी रची। पुलिस ने पूजा को गिरफ्तार कर लिया है।

## एग्जाम देते गिरफ्तार छात्रनेता बोले- आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया-एक भाई को न्याय दिलाया, उसकी सजा दी जा रही

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** पुलिस से हाथापाई के मामले में गिरफ्तार छात्र नेता निर्मल चौधरी को जमानत मिल गई है। कोर्ट में पेशी से पहले निर्मल चौधरी ने मीडिया को बताया- मेरे साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। लोकतंत्र में यह सब ठीक नहीं हो रहा है। एक भाई को न्याय दिलाया उसके लिए मुझे सजा दी जा रही है।निर्मल चौधरी ने बताया- हम लोग जीत कर बाहर आए हैं। मैं सबसे पहले राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी, वरुण चौधरी का धन्यवाद देता हूं। उन लोगों ने दिल्ली से कांग्रेस पार्टी के लॉयर विमल त्यागी, जयपुर से मेघराज मीणा, विकास और रामकिशन को भेजा। जिससे मैं बाहर आ सका।दरअसल, जयपुर की गांधी नगर थाना पुलिस ने साल 2022 के एक मुकदमे में 21 जून को निर्मल चौधरी को राजस्थान यूनिवर्सिटी में परीक्षा केंद्र से गिरफ्तार किया था। सुबह करीब 9 बजे पुलिस ने निर्मल चौधरी को यूनिवर्सिटी से उठाया और गांधी नगर थाने लेकर गई। इसके बाद पुलिस ने निर्मल चौधरी को अलग थाने में रखा।रविवार को दोपहर ढाई बजे पुलिस ने निर्मल चौधरी को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने पुलिस और निर्मल चौधरी के वकील की दलीलें सुनने के बाद प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए जमानत दे दी।



### साल 2022 में पुलिस से की थी हाथापाई

दरअसल, साल 2022 में निर्मल चौधरी ने तत्कालीन सीआई गांधीनगर नेमीचंद और एसीपी गांधीनगर मुकेश चौधरी के साथ हाथापाई की थी। इस दौरान नेमीचंद के हाथ में फ्रैक्चर हुआ था, जबकि मुकेश चौधरी के सिर पर चोट लगी थी। इस मामले में पुलिस ने कई छात्र नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाने पर 21 जून (शनिवार) को गिरफ्तार किया।

### दर्शन शास्त्र का पेपर देने आए थे निर्मल चौधरी

निर्मल चौधरी शनिवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में दर्शन शास्त्र का फोर्थ सेमेस्टर का पेपर देने पहुंचे थे। जैसे ही वे एग्जामिनेशन रूम में पहुंचे, यूनिवर्सिटी कैंपस में सिविल ड्रेस में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया था।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार